तंत्र द्वारा मनोकामना सिद्धि

मृत्युनाथ मिश्र

तन्त्र द्वारा मनोकामना सिद्धि

जिस प्रकार राडार द्वारा एक स्थान पर बैठे-बैठे ही निर्धारित दूरस्थ स्थान पर अस्त्र चलाया जाता है और वह वहाँ जाकर लक्ष्य वस्तु को क्षति पहुँचाता है, उसी प्रकार कृत्या, घात, मारण आदि के तान्त्रिक प्रयोग द्वारा मनुष्य को प्रभावित किया जाता है। तन्त्र द्वारा आगे से व पीछे से दोनों प्रकार का प्रयोग किया जा सकता है। जैसे गुड़ खाने में पौष्टिक है लेकिन शराब बनाने में भी प्रयोग किया जाता है। ऐसे ही तान्त्रिक भी सतोगुणी, धर्मपूर्ण एवं कल्याण का कार्य करते हैं तथा दुःसाहसपूर्ण अनैतिक और चमत्कारी काम भी करते हैं।

तन्त्र शास्त्र एक प्रकार से मन्त्रों की शल्य चिकित्सा पद्धति है जिसके माध्यम से मनोकामना सिद्धि करने में देर नहीं लगती। समाज की भलाई हेतु इसका प्रयोग करना सबको लाभ दे सकता है, लेकिन दुरुपयोग का परिणाम करने वाले ही भोगना पड़ता है।

मनोकामनाओं की पूर्ति के लिये, बिना पूरी तैयारी किए, साधक का तन्त्र विज्ञान में प्रयोग करना साहस भी हो सकता है, दुस्साहस भी। मन्त्रों का प्रयोग एक ऐसी प्रक्रिया है जो पूरी हो जाने पर एक वरदान है तो अपूर्ण रह जाने पर एक अभिशाप भी।

सिद्धि प्राप्त हो ज़ाये तो साधक की मनोकामना पूर्ण और साधना में विघ्न आ जाये तो प्राणों का संकट भी।

अतः इस क्षेत्र में आने से पूर्व विषय का भरपूर ज्ञान और गुरु धारण करना अनिवार्य है, जिसके सान्निध्य में आप सिद्धियाँ प्राप्त कर सकते हैं।

—लेखक

रणधीर प्रकाशन की उत्कृष्ट प्रस्तुति

तन्त्र द्वारा
मनोकामना सिद्धि
याक्षिणी साधना सहित

लेखक :
पं. भृगुनाथ मिश्र

मूल्य : ३५.००

रणधीर प्रकाशन, हरिद्वार

प्रकाशक : **रणधीर प्रकाशन**
रेलवे रोड (आरती होटल के पीछे)
हरिद्वार (उ. प्र.)
फोन : (०१३३) ४२६२९७-४२६१९५

वितरक : **रणधीर बुक सेल्स**
रेलवे रोड, हरिद्वार
फोन : ४२८५१०

लेखक : **पं. भृगुनाथ मिश्र**

संस्करण : **चतुर्थ, सन् २०००**

शब्द सज्जा : **जे के प्रिन्टोग्राफर्स, दिल्ली**
फोन : ३९३३९९५, ३९५९०२३

मुद्रक : **राजा ऑफसेट प्रिंटर्स**
विकास मार्ग, नई दिल्ली-११००९२

ISBN : 81-86955-92-5

TANTRA DWARA MANOKAMNA SIDHI

Written by : Pt. Bhrigunath Mishra
Published By : Randhir Prakashan, Hardwar (India)

अनुक्रम

दो शब्द

तन्त्र मन्त्र की जानकारी सर्वसाधारण को आसानी से प्राप्त हो, इस हेतु मैंने अनेक तन्त्र शास्त्रों का अध्ययन किया पर यह ऐसा समुद्र है जिसकी गहराई की थाह पाना सर्वसाधारण के लिये असम्भव है। मैं भी उसी सर्वसाधारण का एक कण हूँ जो कुछ पाने को सीखने का प्रयास किया है ताकि जो प्रसाद मुझे मिले उसका रसास्वादन पाठकों को करा सकूँ। गुरु की कृपा से ऐसा कुछ सम्भव हो सका है। मैं श्री सूर्यवंश मिश्र, वेदान्ती व तान्त्रिक तथा श्री अघोरी भगवती चरण का बहुत आभारी हूँ जिन्होंने पुस्तक को लिखने में अपने ज्ञानार्जन, अनुभव एवं आर्थिक रूप से सहयोग दिया है। मेरी लेखन गति को बढ़ाने में, उत्साहित करने में भी प्रमोद कुमार मिश्रा, पत्नी सुश्री राजमुनी देवी एवं सुपुत्र श्री विनोद कुमार मिश्र का बड़ा सहयोग रहा है।

मैं यथार्थ मूल रूप में कुछ नहीं लिख सका हूँ, लिख भी नहीं सकता क्योंकि वह सब कुछ हमारे विद्वानों ने प्रकाशित किया है, बताया है, समझाया है। हम मात्र नयापन के नाम पर इसे संवार एवं सजा सकते हैं। कर्म करने पर फल अवश्य मिलेगा। तन्त्र मन्त्र की सिद्धि भी ऐसी ही है। असफलता मिलने पर निराश नहीं होना चाहिये वरन् अपनी त्रुटियों को पहचानकर सुधार करके पुनः ठीक ढंग से साधना करनी चाहिये। मुझे पूर्ण विश्वास है कि निराश साधकों एवं व्यक्तियों को इस पुस्तक से एक नयी प्रेरणा मिलेगी।

पं. भृगुनाथ मिश्र

ज्योतिषी व तान्त्रिक

नोट : पुस्तक के इस परिवर्द्धित और कम्प्यूटरीकृत संस्करण में बाल योगिनी कनकवती शोभना से प्राप्त यक्षिणी साधना के अति प्राचीन मन्त्रों का समावेश भी किया है।

तन्त्र क्या है?

साधना एवं मानव की इच्छापूर्ति के धार्मिक मार्ग तीन प्रकार के हैं। तन्त्र, मन्त्र और यन्त्र साधना एवं इच्छापूर्ति का प्रत्यक्ष मार्ग तन्त्र है। है तो यह बहुत कठिन। किन्तु साधक के लिये यह एक व्यावहारिक मार्ग है। ज्ञान, भक्ति, योग और कर्म इसमें सम्मिलित हैं। इसके द्वारा साधक भोग और योग दोनों प्राप्त कर सकता है। बिना गुरु के सान्निध्य के यह ज्ञान नहीं प्राप्त होता है गुरु से आज्ञा लेकर ही इस पद्धति में जाना चाहिये अन्यथा कहीं गलती होने पर इसका परिणाम भी गलत होता है। अतः इसका पूर्ण ज्ञान होना जरूरी है अतः पाठकों से मेरा अनुरोध है कि गुरु की आज्ञा से पूर्ण जानकारी प्राप्त करके ही तन्त्र सिद्धि में हाथ लगावें या मन्त्रों का प्रयोग करें। परोपकारी, ईमानदार तथा सभ्य, सदाचारी व्यक्ति ही मन्त्रों का उपयोग करने के अधिकारी हैं। नास्तिक व्यक्ति को यह तन्त्र नहीं बताना चाहिये। मन्त्र अपने आप में एक दुधारू तलवार है। इसका प्रयोग सही ढंग से करने पर लाभकारी होगा तथा गलत प्रयोग करने पर विनाशकारी होगा। साधना की थी भगवान बुद्ध ने। साधना की थी लंकेश रावण ने। साधना की थी भगवान श्री रामचन्द्र ने। साधना की थी स्वामी विवेकानन्द ने। साधना की थी श्री रामकृष्ण परमहंस ने। साधना की थी श्री देवरहा बाबा ने। साधना की थी त्रिदंडी स्वामी

ने। साधना की थी कबीर ने। तन्त्र उद्देश्य तक पहुँचने का एक मार्ग है। यह शीघ्र गन्तव्य स्थान तक पहुँचाता है। जिन्हें तन्त्र में रुचि है, इस गहराई में पहुँचना चाहते हैं तथा परोपकार के रूप में ग्रहण करना चाहते हैं, उन्हें ही इस पुस्तक का अध्ययन करना चाहिये। बिना श्रद्धा विश्वास के इस शास्त्र में अपना दिमाग लगाना अनुचित होगा। कुलार्णव तन्त्र में कहा गया है कि सतयुग में श्रुति के नियमानुसार धर्म करना लाभदायक एवं कल्याणकारक होता है। त्रेतायुग में स्मृति के नियमानुसार धर्म करना लाभदायक एवं कल्याणपरक होता है। द्वापर में पुराण के अनुसार धर्म करना लाभदायक तथा कल्याणकारी होता है। कलियुग में तन्त्र शास्त्र के अनुसार धर्म करना लाभदायक एवं कल्याणकारी होगा। यथा—
"कृते श्रुत्युक्ताचार स्त्रेतायां स्मृति संभवः। द्वापरे तु पुराणोक्तं कलौवागम केवलम्॥"

साधना में मन्त्र की सिद्ध देवियों का तथा मन्त्रों का प्रयोग बिना गुरु की आज्ञा के नहीं करना चाहिये। तन्त्र विज्ञान में गुरु शब्द का बहुत महत्त्व है। कहा गया है—**"गुरुः ब्रह्मा गुरुः विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः। गुरुः पिता गुरुर्माता गुरुर्देवो गुरुर्गति। शिवे रुष्टे गुरुस्त्राता गुरौ रुष्टे न कश्चन॥"**

तन्त्र साधना मूलतः तीन विचारों पर आधारित है—१. गुरु, २. तन्त्र, ३. देवता। तन्त्र में तीनों समाविष्ट हैं। इन तीनों का साकार रूप गुरु है। ऋग्वेद में कहा गया है—

अक्षेत्रवित् क्षेत्रविद् मह्य प्राट।
सम्प्रति क्षेत्र विद्वानुं शिष्टः॥

एवद् वै भद्रमनुशासन्न स्योत।
श्रुतिम् विन्यत्यन्न सीनाम्॥

योगिनी तन्त्र भी कहता है—

मन्त्रप्रदान काले ही मानुषे नगवन्दिनी
अधिष्ठानं भवेत् तन्त्र महाकालस्य शंकरी
अतोना गुरुतो देवी मानुषे नात्रः संशयः।

यही कारण है कि संस्कार में गुरुमुख करना भी एक पद्धति है। गुरु साधक की रक्षा करता है। मन्त्र जप द्वारा सिद्धि प्राप्त करने का विधान है। मन्त्र के उच्चारण से मुख से एक प्रकार की ध्वनि निकलती है जब वह ध्वनि-समूह एक लय में बंध जाता है तो आकाश में स्थाई रूप से फैल जाता है। जिससे सम्बन्धित मन्त्र लय रहता है उससे टकराता है और पुनः मन्त्र ध्वनि जहाँ से आई है उससे उसका सम्बन्ध बनता है। तब कहीं कहीं मन्त्र फलप्रद हो जाता है। यह एक वैज्ञानिक तथा यथार्थ स्वरूप है। मन्त्र शास्त्र में यह मन्त्रों की शल्य चिकित्सा पद्धति है जिसके माध्यम से कामना सिद्धि में देर नहीं लगती। दूरदर्शन, आकाशवाणी, विद्युत प्रवाह के प्रायौगिक नियम के अनुसार मन्त्र सिद्धि भी सत्य है। इसके द्वारा मारण, मोहन, उच्चाटन, स्तम्भन, इष्ट देव-देवी सिद्धि, आकर्षण, विद्वेषण की क्रिया की जाती है। कानूनी एवं नैतिक दृष्टि से मारण प्रयोग कभी नहीं करना चाहिये। इसका दुष्परिणाम करने वालों को भोगना पड़ता है। अतः समाज की भलाई हेतु प्रयोग कोई भी किया जा सकता है। 'शारदा तिलक' में गुरु की

महिमा निम्न शब्दों में की गई है।

दिव्य ज्ञानं यतो दद्यात् कुर्यात् पापस्य संज्ञयः।
तस्मात् दीक्षेति संप्रोक्ता देशि कैस्तंत्र वेदिभिः॥

शिष्य भी शुद्ध आत्मा से जागरूक, नैतिकता से युक्त आज्ञाकारी एवं अनुशासित रहे तो गुरु का आशीर्वाद उसे मिल सकता है। जिससे मन्त्र सिद्धि एवं तन्त्र सिद्धि में आसानी होती है। गुरु शिष्य की गलतियों को अपने ऊपर लेकर हटा देता है। मन्त्र साधना अति गोपनीय हैं इसे अन्यत्र प्रकाशित नहीं करना चाहिये।

तन्त्र साधना परोपकार के लिये तथा यश के लिये किया जाता है। दूसरों का कल्याण होने पर उसे बिना माँगे सब कुछ मिल जाता है। दूसरों से अपनी रक्षा भी की जा सकती है परन्तु इसका दुरुपयोग कभी नहीं करना चाहिये। पाठकों से मेरा अनुरोध है कि पुस्तक मात्र एक ज्ञान का खजाना है। इसी के अनुसार तन्त्र की क्रिया करना उचित नहीं होगा। यद्यपि पुस्तक में दिये गये सभी मन्त्र एवं साधन बहुसंख्यक प्रमाणित हैं। फिर भी बिना गुरु की आज्ञा इसका प्रयोग वर्जित है। आप गुरु नहीं मिलने पर पुस्तक को ही गुरु मान सकते हैं। इष्ट देव को ही गुरु मान सकते हैं। एकलव्य द्रोणाचार्य की मिट्टी की मूर्ति बनाकर गुरु मानकर धनुर्विद्या में प्रवीण हो गया। अतः श्रद्धा, विश्वास एवं प्रेम तन्त्र का अमोघ बाण है। अगर पुस्तक के आधार पर कोई गलत प्रयोग करेगा तो लेखक उसका उत्तरदायित्व नहीं लेगा। अतः बिना सोचे

समझे कोई कदम न उठायें। गुरु के सान्निध्य के कारण मन्त्र सिद्धि में आई दिक्कतों को आसानी से हटाया जा सकता है। तन्त्र साधकों को चाहिये कि अधिक-से-अधिक सुगम रूप से अपनी मनोकामना सिद्धि कर सकते हैं। अगर प्रयोग व साधना ठीक से किया गया तो प्रभाव अवश्य उत्तम प्राप्त होगा। कार्य कारण सिद्धान्त तन्त्र में भी लागू है।

आज बाजार में मात्र आर्थिक लाभ के लिये प्रकाशकों ने अनेकों पुस्तकें छपवा डाली हैं जो केवल प्रकाशकों व पुस्तक विक्रेताओं को तो लाभ दे रही हैं परन्तु पाठक या साधक उससे कुछ भी नहीं पाता। लेकिन इस पुस्तक को शुद्ध रूप से छपवाकर बहुत ही कम मूल्य पर रणधीर प्रकाशन हरिद्वार ने प्रस्तुत करने का संकल्प किया है पुस्तक का लगातार कई वर्षों से बिकना और माँग का बढ़ते जाना इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है और अब इसकी लोकप्रियता और बढ़ेगी क्योंकि बाल योगिनी जी ने यक्षिणी साधना के लिए अति प्राचीन मन्त्र इस पुस्तक के लिये देकर बड़ा उपकार किया है।

आशा है यह पुस्तक आपकी उचित आकांक्षाओं को यथार्थ रूप में पूरा करेगी। यदि आपको इससे लाभ मिलता है तो आप मित्रों एवं परिजनों को भी यह पुस्तक खरीदकर भेंट करें इससे आपको और अधिक सन्तुष्टि मिलेगी।

—लेखक

तन्त्र क्या करता है?

तन्त्र में दो प्रकार के मार्ग हैं—दक्षिण मार्ग एवं वाम मार्ग। दोनों प्रकार की तान्त्रिक सिद्धियाँ की जाती हैं। शीघ्र सिद्धि वाम मार्ग के रास्ते से मिलती है। यह मार्ग पूर्णतः श्मसानीक तथा पैशाचिक मार्ग है। औघड़ इत्यादि इसी मार्ग के साधक होते हैं। वस्तुतः वाम मार्ग अच्छा बुरा में भेद नहीं करता बल्कि सबको एक प्रकार का महत्त्व देता है। ईश्वर प्राप्ति, आत्म साक्षात्कार, जीवन मुक्ति, अन्तःकरण का परिमार्जन तन्त्र की पहुँच के बाहर है। वाम मार्ग या दक्षिण मार्ग से भौतिक प्रयोजन की पूर्ति हो सकती है।

बन्दूक, राईफल, तलवार, रिवाल्वर, चाकू इत्यादि घातक अस्त्रों एवं हथियारों से किसी की जान आसानी से ली जा सकती है। इसमें भी निर्बल मनुष्य को मारना और आसान होता है। ठीक इसी प्रकार तन्त्र में अभिचार कर्म द्वारा किसी दूसरें का प्राण आसानी से लिया जा सकता है। जैसे छोटी चिड़ियों को मारने के लिये गुलेल काफी है उसी प्रकार निर्बल बीमार, बालक, वृद्ध या डरपोक मनुष्य पर मामूली तान्त्रिक शक्ति का प्रयोग कर उनका प्राण लिया जा सकता है।

शरीर में मादक पदार्थों व नशीली चीजों की अधिक मात्रा

होने के कारण मनुष्य की मस्तिष्क क्रिया शक्ति विकृत हो जाती है। वह सोचने समझने में असमर्थ रहता है तथा वह पागल हो जाता है। ठीक उसी प्रकार तान्त्रिक प्रयोगों द्वारा एक सूक्ष्म नशीला प्रभाव किसी के मस्तिष्क में प्रवेश कराकर उसकी बुद्धि नष्ट की जा सकती है। कुछ इस प्रकार की विषपूर्ण दवायें हैं जो अगर भूल से कोई खा ले तो शरीर में कई भयंकर उपद्रव या बीमारियाँ उठ जाती हैं। कै, दस्त, हिचकी, मूर्छा, अनिद्रा, दर्द आदि अनेक रोग अकस्मात् हो जाया करते हैं। तान्त्रिक प्रयोगों के द्वारा भी मनुष्य के शरीर में विषैला पदार्थ प्रवेश कराया जाता है।

जिस प्रकार रेडियोधर्मी किरणों के द्वारा राडार द्वारा, एक स्थान पर बैठे-बैठे ही निर्धारित दूरस्थ स्थान पर अस्त्र चलता है और वहाँ जाकर लक्ष्य वस्तु को क्षति करता है उसी प्रकार कृत्या, घात, मारण आदि तान्त्रिक प्रयोग द्वारा दूरस्थ व्यक्ति पर असर होता है। और वह प्रयोग मनुष्य को आघात करता है।

जिस प्रकार युद्ध काल में बमबारी द्वारा सम्बन्धित स्थान के सुख सुविधा के साधन यथा—मकान, कल कारखाना, खेत, रेल, मोटर, सड़क, पुल आदि नष्ट हो जाते हैं। फलतः क्षण भर में अमीर व्यक्ति भी असहाय एवं दरिद्र हो जाता है। इसी प्रकार तान्त्रिक प्रयोग द्वारा किसी के भी सौभाग्य वैभव और सम्पन्नता पर चोट कर शीघ्र नष्ट किया जा सकता है। सभी स्तब्ध रहते हैं कि एकाएक ऐसा कैसे हो गया।

जासूसी ठग ऐसा छद्म रूप धारण करते हैं कि अपने साध्य व्यक्ति को आकर्षण, प्रलोभन कुचक्र में फँसाकर बुद्धिमान व्यक्ति

को भी बेवकूफ तथा मूर्ख बनाकर अपना काम कर लेते हैं। मेस्मेरिजम एवं हिप्नोटिज्म द्वारा किसी के मस्तिष्क को सम्मोहित कर उसे वश में कर लिया जाता है तथा उससे मनचाहा कार्य कराया जाता है। तन्त्र में अनेकों गुनी ओझा तान्त्रिक हैं जो गुप्त तरीके से बौद्धिक वशीकरण का जाल फेंक कर दूसरों को अपने वश में कर लिया करते हैं। उससे वह गुनी डायन से जो चाहते हैं वही काम कराता है। उसकी अपनी इच्छा मनोवृत्ति काम नहीं करती है।

व्याभिचारी पुरुष किसी सरल सीधी स्त्रियों पर किसी प्रकार का जादू चलाकर उन्हें पथभ्रष्ट कर देता है। यहाँ तक की सम्मानित स्त्रियाँ भी इसकी शिकार हो जाती हैं। उसी प्रकार पथभ्रष्ट व्याभिचारिणी स्त्रियाँ भी ऐसी हैं जो दूसरे पुरुष को अपने वश में करके उन्हें जैसा चाहती है, नचाती हैं। कई वेश्यायें इस प्रकार का प्रयोग कर किसी धनी व्यक्ति को फँसाकर उसका धन ले लेती हैं और ठोकर मारकर भिखारी बना देती हैं।

तन्त्र द्वारा स्त्री पुरुष आपस में एक दूसरे की शक्ति को चूसते हैं। समागम द्वारा भी साथी की प्राणशक्ति को चूस लिया जाता है। तान्त्रिक प्रधानता के मध्यकालीन युग में बड़े आदमी बहु विवाह किया करते थे तथा सैकड़ों रानियाँ रनिवास में रहती थीं। यही प्रक्रिया स्त्रियाँ भी अपनाकर अनेक पुरुषों को अपने प्रेम में फाँस लिया करती हैं। जादूगरनी स्त्रियाँ अच्छे सुन्दर युवकों को मेढ़ा, बकरा, तोता आदि बना लेती थीं। कौड़ी, कामसाक्षा आदि की इसी प्रकार की कथायें हैं। वृद्धा तन्त्र साधिनी युवकों

को चूसती हैं। वाम मार्ग के पंचमकारों में मैथुन का विशेष महत्त्व है। इसके द्वारा अन्नमय कोष और प्राणमय कोष के सम्मिलित मैथुन में स्त्री पुरुष शरीर में आपसी महत्त्वपूर्ण आदान प्रदान होते हैं। मैथुन एक साधारण रतिक्रिया मालूम होता है पर इसका सूक्ष्म महत्त्व अधिक है। इसी कारण भारतीय विद्वानों ने इसके लिये विशेष निर्देश दिये हैं। तन्त्र के द्वारा ही मार्गदर्शित शिवलिंग, योनि की आमतौर से पूजा की जाती है।

तन्त्र द्वारा आगे से एवं पीछे से दोनों प्रकार का प्रयोग किया जा सकता है। सदुपयोग एवं दुरुपयोग दोनों किया जा सकता है। जैसे गुड़ खाने के काम में लाया जाता है साथ ही शराब बनाने के भी काम में प्रयोग किया जाता है। तान्त्रिक भी सतोगुणी, सरल धर्मपूर्ण एवं कल्याण का कार्य करते हैं। वही तान्त्रिक दुःसाहसपूर्ण अनैतिक एवं सांसारिक चमत्कारों को सिद्ध करने वाला भी काम करते हैं। तान्त्रिक 'ह्रीं' शक्ति से ब्रह्मा की शक्ति को प्राप्त करता है तथा 'क्लीं' शक्ति से अपनी शक्ति प्राप्त करता है। अपने या दूसरे के प्राणों को मंथन करके तन्त्र की तड़ित शक्ति प्राप्त करता है।

प्राणान्त के समय में भी प्राणी का प्राण मैथुन की भाँति उत्तेजित, उद्विग्न एवं व्याकुल होता है। वैसी स्थिति में भी तान्त्रिक प्राणशक्ति का बहुत-सा भाग खींचकर अपना शक्ति भण्डार भरते हैं। नीति-अनीति का ध्यान किये बगैर तान्त्रिक पशु-पक्षियों का बलिदान इसी प्रयोजन के लिये किया करते हैं। योगी लोग चमत्कार प्रदर्शन में अपनी शक्ति खर्च करते हुए

किसान की भाँति झिझकते हैं पर तान्त्रिक अपने गौरव व बड़प्पन का सिक्का जमाने के लिये क्षुद्र स्वार्थों के कारण दूसरों को अनुचित हानि-लाभ पहुँचाते हैं। अघोरी, कापालिक, रक्तबीज, बैतालिक, ब्रह्मराक्षस आदि कई सम्प्रदाय तान्त्रिकों के होते हैं। स्त्रियों में डाकिनी, शाकिनी कपालकुण्डला, सूर्यसूत्रा सम्प्रदाय भी होता है।

बन्दूक छोड़ने वाला अगर मजबूत तथा पूर्ण जानकार न हो तो कभी-कभी बन्दूक ऐसा जोर का झटका देती है कि चलाने वाले औंधे मुँह गिर पड़ते हैं तथा उनकी हड्डी तक टूट जाती है। इसी प्रकार तन्त्र द्वारा भी बन्दूक जैसी तेजी के साथ विस्फोट होता है और उसका झटका सहने योग्य ताकत साधक के पास नहीं रहने पर उसे भयंकर खतरों का सामना करना पड़ता है।

द्रुतगति से आती हुई गाड़ी को रोकना और उस पर प्रतिरोध से शक्ति प्रदान करना बड़ा खतरनाक खेल होता है। प्रतिरोध जितना बड़ा कड़ा होगा झटका भी उतना ही जबरदस्त होगा। वाममार्गी तान्त्रिक इसी प्रतिरोध को रोकने वाली तथा सबसे शक्ति प्राप्त करने वाली क्रिया किया करते हैं। तन्त्र में साधक खण्डहरों, श्मशानों में अर्धरात्रि के समय जब उनकी साधना का मध्यकाल आता है उस समय कितने रोमांचकारी भय उपस्थित होते हैं। गगनचुम्बी राक्षस, विशालकाय सर्प, लाल नेत्रों वाले शूकर और महिष, छुरी से दाँत वाले सिंह साधक के आसपास जिस भयंकर तरीके से गर्जन-तर्जन करते हुए कुहराम मचाते हैं और साधक पर आक्रमण करते हैं उससे न तो डरना और न

विचलित होना, एक साधारण काम नहीं है। साहस के अभाव में साधक अगर भयभीत हो जाए तो उसके प्राण पर भी संकट आ जाते हैं। इस मार्ग में साहसी और निर्भीक प्रकृति के मनुष्य ही सफल हो सकते हैं।

जैसे समुद्र में मछलियाँ अनेक जाति की होती हैं उसी प्रकार यह साधक भी अनेक स्वभावों, गुणों, शक्तियों से सम्पन्न होते हैं। इन्हें पितर, यक्ष, गन्धर्व, किन्नर, राक्षस, देव, दानव, ब्रह्म राक्षस, बैताल, कूष्माण्ड, भैरव रक्तबीज आदि कहते हैं। उनमें से किसी को सिद्ध करके अपने प्रयोजनों को साधा जाता है। भूतोन्माद, मानसिक भ्रम, आवेश, अज्ञात आत्माओं द्वारा कष्ट दिया जाना, दुःस्वप्न तान्त्रिक के अभिचार, आक्रमण आदि किसी सूक्ष्म प्रक्रिया द्वारा जो व्यक्ति कष्ट पाता है उसे तान्त्रिक प्रयोग को उलटा कर उस अत्याचार का मजा चखाया जा सकता है। तन्त्र के वाममार्ग द्वारा उस विषैले सर्प से विष को खींचकर उसे हतवीर्य जैसा बनाया जा सकता है।

तन्त्र के साधारण चमत्कारिक प्रलोभन अनेक हैं। दूसरों पर आक्रमण करना तो उनके बायें हाथ का खेल है। किसी को बीमार, पागल, बुद्धिभ्रम, उच्चाटन कर प्राणघातक संकट में डालना उनके लिये आसान है। सूक्ष्म जगत में भ्रमणशील किसी चेतनाग्रन्थी को प्राणवान बनाकर उसे प्रेत, पिशाच, बैताल, कर्णपिशाचिनी, छायापुरुष आदि के रूप में सेवक की तरह काम लेना, दूर देशों में अजनबी चीजें मँगा देना, गुप्त रखी हुई चीजों या अज्ञात व्यक्ति का नाम पता बता देना, तान्त्रिक के लिये सम्भव है। आगे चलकर

वेश बदल लेना या किसी वस्तु का रूप बदल देना भी उनके लिये सम्भव है। उनके लिये भक्ति का स्रोत काली हैं। जो परिवर्तनशील हैं। यह साधना थोड़े दिन बन्द कर देने पर शक्ति का घट जाना या समाप्त हो जाना निश्चित है। तन्त्र द्वारा कुछ छोटे मोटे लाभ भी हो सकते हैं। पुरुषों की अपेक्षा स्त्रियाँ अधिक आसानी से तान्त्रिक बनती देखी गई हैं। क्योंकि तान्त्रिक को कोमल एवं साहसी परमाणुओं वाला होना चाहिये। आमतौर पर तान्त्रिक घाटे में रहता है। उससे अपकार ही अधिक होता है।

एक व्यक्ति भूत की सिद्धि किया करता था। वह उससे काम लिया करता था। जो काम वह कहता था तुरन्त कर दिया करता था। कुछ दिनों के बाद उस तान्त्रिक के पास भूत से काम लेने का काम ही नहीं रहा। इस पर उस भूत ने तान्त्रिक से कहा कि मैं यों ही बैठा नहीं रहूँगा। हमसे हमेशा काम लो नहीं मैं तुम्हें ही मार डालूँगा। तान्त्रिक बड़ा फेर में पड़ा। वह अपने गुरु के पास गया और अपनी समस्या उसने भूत वाली बतलायी। उस पर गुरु ने कहा कि अपने घर के आँगन में एक बड़ा बाँस गाड़ दो और भूत से कहो कि वह उस पर चढ़े और फिर उतरे जब तक वह ऐसा न करने के लिये नहीं कहे तो तब तक यह काम करते रहो। उस तान्त्रिक ने वही किया। अब भूत सदा उस बाँस पर चढ़ता तथा उतरता रहता था। यह कार्य करते हुए वह दुखित हो गया। जब उसने उस तान्त्रिक को अनिष्ट न करने का वचन दिया तब उस भूत को छोड़ा गया। अतः तान्त्रिक को भी विवेक से काम करना होता है।

मन्त्र सिद्धि हेतु विविध नियम

मन्त्र सिद्धि के लिये विशेष रूप से हमारे तान्त्रिक गुरुओं ने आसन, माला, दिशा, समय का उल्लेख किया है जिसे जानना अनिवार्य है। इस प्रकार प्रयोग करने पर मन्त्र सिद्ध शीघ्र होता है तथा जागृत होता है।

१. आसन—आकर्षण, वशीकरण कर्म हेतु व्याघ्र चर्म का आसन, उच्चाटन के लिये ऊँट चर्म का आसन, विद्वेषण के लिये अश्वचर्म का आसन, मारण कार्य के लिये महिष चर्म का आसन प्रयोग में लाना हितकर होगा। शान्ति, पुष्टि और लक्ष्मी प्राप्ति के निमित्त सफेद या पीले रंग का आसन, सम्मोहन वशीकरण के लिये लाल रंग का आसन, मारण में काले या नीले रंग का आसन प्रयोग में लाया जाता है। नित्य कर्म के लिये कुशा, चर्म और रेशम का आसन उत्तम होता है। यह आसन दो हाथ लम्बा तथा दो हाथ चौड़ा होना चाहिये। काम्य कर्मों में व्याघ्र चर्म का आसन सर्वसिद्धिदायक तथा रोगनाशक होता है।

२. दिशा—अनुष्ठान या मन्त्र सिद्धि में दिशा का बड़ा महत्त्व है। किस दिशा में मुख करके बैठकर कौन-सा मन्त्र जपा जाता है। वह इस प्रकार दिया जा रहा है। लक्ष्मी प्राप्ति, अरिष्ट नाश, ग्रह शान्ति, पुष्टि आदि सुखवर्धक कार्य हेतु उत्तर या पश्चिम

दिशा की तरफ बैठकर मन्त्र जप करना चाहिये। वशीकरण, आकर्षण, सम्मोहन में उत्तर दिशा की तरफ मुख करके मन्त्र जप करना चाहिये। स्तम्भन के लिये पूर्व या दक्षिण दिशा में मुख करके मन्त्र जपना चाहिये। विद्वेषण प्रयोग में नैऋत्य कोण में, उच्चाटन प्रयोग में, वायव्य या अग्नि कोण में, मारण कार्य में दक्षिण दिशा में मुख करके जप करना चाहिये।

३. माला—शत्रु नाश के लिये कमल गट्टे की माला, सम्पत्ति प्राप्ति के लिये जीव-पुत्रिका की माला; पुष्टिकर, दारिद्रय नाशक व सम्पत्ति प्राप्ति हेतु लाल चन्दन की माला, मूंगा की माला, शंख की माला प्रयोग में लानी चाहिये। सम्मोहन, आकर्षण, वशीकरण में कमल गट्टे की माला; स्तम्भन में निम्बोली की माला, विद्वेषण में छिलके सहित निम्बोली की माला और मारण में घोड़े के दाँत की माला प्रयोग में लानी चाहिये। रुद्राक्ष की माला सब प्रकार की सिद्धियों के लिये उत्तम है। माला की सभी मणियाँ समान हों।

अर्थसिद्धि के लिये २७ मणियों की माला, मारण कार्य के लिये १५ मणियों की माला तथा समस्त प्रकार के कर्म के लिये १०८ मणियों की माला का प्रयोग करना चाहिये। सभी मालाओं में मन्त्र जपते समय अनुलोम विलोम का प्रयोग करना चाहिये।

४. हवन—हवन में गाय का घी, आसन में मृगचर्म, माला में रुद्राक्ष, दिशा में पूर्व या उत्तर सदा पवित्र माना गया है।

५. स्थान—तान्त्रिक अनुष्ठान शवपीठ, श्मशान या श्यामापीठ पर किया जाता है। सामान्य तथा काम्य प्रयोग उस देवता के

मन्दिर में किया जाता है जिस देवता का मन्त्र होता है। सिद्ध पीठों में मन्त्र सिद्धि शीघ्र होती है। तमोगुणी साधना श्मशान में, रजोगुणी साधना देव मन्दिर या अपने निवास स्थान पर और सत्वगुणी उपासना नदी के तीर या तीर्थ स्थल पर की जाती है। जो देव मूर्ति उपेक्षित हो या पुराना देव मन्दिर जिसकी पूजा नहीं हो रही है, वहाँ जप करने से शीघ्र सिद्धि प्राप्त होती है। गुरु के सान्निध्य में भी जप करने से शीघ्र सिद्धि मिलती है। ये सब दुर्लभ हो तो अपने घर के एकान्त कमरे में प्रयोग करना चाहिये। मारण कार्य कभी भी घर में नहीं करना चाहिये।

६. समय—तिथि, वार, योग, ऋतु एवं मास, पक्ष लक्ष्मी साधना, शान्ति एवं पुष्टि साधना—किसी भी माह के शुक्ल पक्ष में बुध व गुरुवार तथा २, ३, ४, ७ तिथियों से करना चाहिये। इसके लिये हेमन्त ऋतु उपयुक्त समय है।

वशीकरण सम्मोहन, आकर्षण—यह प्रयोग वसन्त ऋतु में शुक्ल पक्ष की ४, ६, ९, १३ तिथियों को तथा सोमवार एवं गुरुवार को करना चाहिये।

स्तम्भन—शिशिर ऋतु में ८, १५ तिथि को रवि, मंगल या शनिवार से करें।

विद्वेषण—ग्रीष्म ऋतु में शुक्ल पक्ष की ८, ९, १०, ११ तिथियों एवं शुक्रवार या शनिवार से करे।

उच्चाटन—वर्षा ऋतु में कृष्ण पक्ष की ८, १४ तथा रवि या शनि से करे।

मारण—शरद ऋतु के कृष्ण पक्ष में ८, १५ तिथि एवं रवि,

मंगल या शनि से क्रिया प्रारम्भ करें।

सभी शुभ कर्म प्रयोगों के लिये गुरु शुक्र के उदय काल में अमृत सिद्धि योग, स्वार्थ सिद्धि योग, रवियोग या कुमार योग में कार्य प्रारम्भ के लिये उत्तम समय है।

शान्ति कार्य में 'नमः' शब्द, स्तम्भन में 'वषट्' शब्द, वशीकरण में 'स्वाहा' शब्द विद्वेषण में 'वौषट्' शब्द, उच्चाटन में 'हुँ' शब्द तथा मारण में 'फट्' शब्द का प्रयोग मन्त्र के अन्त में करना चाहिये।

दस अक्षर तक के मन्त्र 'बीज मन्त्र', बीस अक्षर के मन्त्र और अधिक अक्षर वाले मन्त्र को 'माला मन्त्र' कहा जाता है।

मन्त्र की जातियाँ—एक वर्ण वाले मन्त्र को कर्त्तरी, दो अक्षर वाले मन्त्र को सूची, तीन अक्षर वाले मन्त्र को मुद्‌गर, चार अक्षर वाले मन्त्र को मुसल, पाँच अक्षर वाले मन्त्र को क्रूर, छः अक्षर वाले मन्त्र को शृंखला, सात अक्षर वाले मन्त्र को क्रकच, आठ अक्षर वाले मन्त्र को शूल, नव अक्षर वाले मन्त्र को वज्र, दस अक्षर वाले मन्त्र को शक्ति, एकादश अक्षर वाले मन्त्र को परशु, द्वादश अक्षर वाले मन्त्र को चक्र, त्रयोदश अक्षर वाले मन्त्र को कुलिश, चतुर्दश अक्षर वाले मन्त्र को नाराच, पंचदश अक्षर वाले मन्त्र को भुशुंडी, षोडश अक्षर वाले मन्त्र को पद्म कहा जाता है।

जिस मन्त्र के प्रारम्भ में नाम लिया जाता है उसे 'पल्लव मन्त्र' कहा जाता है। जिसके अन्त में नाम लिया जाय उसे 'योजन मन्त्र' कहते हैं। नाम के आदि मध्य या अन्त में मन्त्र होने से 'रोध मन्त्र' कहलाता है। नाम के प्रत्येक अक्षर के पीछे मन्त्र देने पर

उसे 'पर मन्त्र' कहा जाता है। नाम के आदि और अन्त में मन्त्र देने से 'सम्पुट मन्त्र' कहा जाता है।

मारण, उच्चारण, विद्वेषण कार्य में पल्लव मन्त्र का प्रयोग होता है।

वशीकरण, शक्ति, मोहन में योजन मन्त्र का प्रयोग होता है।

कीलन, त्राटक रक्षादि कार्यों में सम्पुट मन्त्र का उपयोग होता है।

बन्धन, उच्चाटन, मारण कार्य में मन्त्र के अन्त में **हुं** लगाया जाता है।

विद्वेषण कार्य में मन्त्र के अन्त में **फट्** लगाया जाता है।

भूत प्रेत आदि की शान्ति में मन्त्र के अन्त में **हुं फट्** लगाया जाता है।

शुभ कार्यों में मन्त्र के अन्त में **वषट्** लगाया जाता है।

यज्ञादि में मन्त्र के अन्त में **स्वाहा** लगाया जाता है।

पूजन कार्यों में मन्त्र के अन्त में **नमः** लगाया जाता है।

पुष्टि, पुत्रादि कार्यों में मन्त्र के अन्त में **स्वाहा** लगाया जाता है।

प्रबल वशीकरण कार्य में मन्त्र के अन्त में **स्वधा** लगाया जाता है।

परस्पर विद्वेषण कार्यों में मन्त्र के अन्त में **वषट्** लगाया जाता है।

आकर्षण में मन्त्र के अन्त में **हुं** लगाया जाता है।

उच्चाटन ऋक में मन्त्र के अन्त में **स्वस** लगाया जाता है।

जिस मन्त्र के अन्त में स्वाहा नमः शब्द का प्रयोग होता है ये स्त्री संज्ञक मन्त्र कहा जाता है। जिस मन्त्र के अन्त में हुं या फट् शब्द का प्रयोग होता है उसे पुरुष संज्ञक मन्त्र कहा जाता है जिन मन्त्रों के अन्त में स्वाहा शब्द का प्रयोग किया जाता है उसे नपुंसक मन्त्र कहा जाता है।

रुद्राक्ष की माला बहुत पवित्र और सभी कार्यों के लिये उत्तम होती है। इस माला को हमेशा गले में पहना जा सकता है। इसके पहनने से हृदय रोग, रक्तचाप का रोग दूर होता है। वैष्णव लोग तुलसी की माला का प्रयोग करते हैं। कमलगट्टा की माला लक्ष्मी प्राप्ति हेतु तथा लाल चन्दन की माला धन प्राप्ति हेतु प्रयोग में विशेष लाभकारी होती है। गणपति के प्रयोग में मूँगे की माला, सरस्वती के प्रयोग में स्फटिक की माला, स्तम्भन तथा शत्रुनाशक कर्म हेतु हल्दी की माला उपयुक्त होती है। धन प्राप्ति हेतु पश्चिम दिशा श्रेष्ठ है।

हवन कुण्ड—शान्ति पुष्टि सम्पत्तिप्रद प्रयोग में कुण्ड गोल आकार का; वशीकारण, आकर्षण, सम्मोहन प्रयोग में अष्टकोण वाला कुण्ड; स्तम्भन में चतुष्कोण वाला कुण्ड; विद्वेषण में त्रिकोण वाला कुण्ड; उच्चाटन में षटकोण वाला कुण्ड; मारण में अर्धचन्द्र वाला कुण्ड काम में लाना चाहिये।

हवन में समिधा—शान्ति सम्पत्ति और पुष्टि कार्य में पलाश, बिल्वपत्र, सभी गूलर या अन्य दूध वाली लकड़ी लानी चाहिये।

वशीकरण में भी इन्हीं लकड़ियों को हवन कार्य में लाना चाहिये। स्तम्भन, विद्वेषण, उच्चारण मारण कार्य में कुचीला नीम

या धतूरे की समिधा हवन प्रयोग में लेनी चाहिये।

मन्त्र जप के लिये ब्रह्म मुहूर्त या रात्रि ज्यादा उपयुक्त होती है। जप करते समय रक्षा विधान सबसे पहले करना चाहिये। जप करते समय साधक को बिल्कुल निडर रहना चाहिये। जरा भी भयभीत नहीं होना चाहिये। भैरव तन्त्र या हनुमद् तन्त्र का प्रयोग निर्भय होने के लिए करना चाहिये। अधिक मात्रा वाले मन्त्र प्रयोग में प्रतिदिन हवन करना ठीक होता है। अनुष्ठान में कभी कम और कभी ज्यादा मन्त्र नहीं जपना चाहिये।

स्तम्भन तथा वशीकरण कार्य में अंगूठे के अग्रभाग से माला जपना चाहिये। आकर्षण व वशीकरण कार्य में अंगूठे व अनामिका के सहयोग से माला जपनी चाहिये। विद्वेषण में अंगूठे व तर्जनी तथा मारक कार्यों में अंगूठे व कनिष्ठिका उंगली से माला जपनी चाहिये।

शुभ कार्यों में पद्मासन में, स्तम्भन कार्य में विकटासन में, आकर्षण, सम्मोहन आदि में कुक्कुटासन, शान्ति कार्य में स्वस्तिकासन, मारक कार्य में पार्ष्णिकासन, वशीकरण कार्य में भद्रासन में बैठकर मन्त्र जाप करना चाहिये।

सूर्यग्रहण, चन्द्रग्रहण, शिवरात्रि, होलिका, दीपावली, सिद्ध पीठ एवं गुरु जिस दिन से कार्यारम्भ करने को कहे उस दिन से प्रयोग करना चाहिये। मेरूतन्त्र में लिखा गया है कि शान्ति कर्म के प्रयोग में उपांशु, पुष्टि कर्म में मानसिक और अभिचार कर्म में वाचक जप किया जाना चाहिये।

तन्त्र शास्त्र में माला का विशेष महत्त्व बतलाया गया है।

गये धन की प्राप्ति के लिये शंख की माला, शान्ति एवं ऐश्वर्यकारक हेतु स्फटिक की माला, ऋद्धि सिद्धि धन के लिये कमल गट्टे की माला, सन्तान प्राप्ति के लिये पुत्रजीवक की माला, वशीकरण के लिये मूंगा की माला, मुक्ति के लिये मोती की माला, कामना सिद्धि के लिये सोने चाँदी की माला, कामशक्ति वृद्धि के लिये व स्त्री वशीकरण के लिये हल्दी की माला, पुरुष वशीकरण के लिये दर्वी की, ज्वर शान्ति के लिये लाख की, पित्त रोग शान्ति हेतु शंख की, स्वास्थ्य लाभ हेतु देवदार की, उच्चाटन के लिए आम की, यक्षिणी साधना के लिये लाल चन्दन की माला प्रयोग करें।

दश महाविद्यायें

तन्त्र शास्त्र में महाविद्याओं की बड़ी महत्ता कही गई है। इनकी साधना से मनोवांछित फल की शीघ्र प्राप्ति होती है। इन्हें इष्ट देवी के रूप में सिद्ध किया जाता है। माता के रूप में सिद्ध करने पर ये देवियाँ साधक की रक्षा तथा पालन करती हैं। मित्र के रूप में सिद्ध करने पर हरेक कार्य में साधक की सहायता करती है। परन्तु पत्नी के रूप में सिद्ध करने पर भूत, भविष्य, वर्तमान का ज्ञान साधक को देती हैं, साथ ही धन, मान प्रतिष्ठा में वृद्धि करती है। परन्तु पत्नी के रूप में सिद्ध करने पर पत्नी साथ छोड़ देती है अर्थात् या तो पत्नी की मृत्यु हो जाती है या पत्नी सदा अस्वस्थ रहा करती है। अतः साधक को चाहिये कि मित्र के रूप में ही सिद्धि इन महाविद्याओं की साधना करें।

प्राणतोषिणी तन्त्र में कहा गया है—

काली तारा महाविद्या षोडसी भुवनेश्वरी।
भैरवी छिन्नमस्ता च विद्या धूमावती तथा॥

बगला सिद्धविद्या च मातंगी कमलात्मिका।
एता दश महाविद्या सिद्धविद्या प्रकीर्तिता॥

अर्थात् दश महाविद्याएँ निम्न हैं—

१. काली
२. तारा
३. षोडसी (त्रिपुरसुन्दरी)
४. भुवनेश्वरी
५. छिन्नमस्ता
६. धूमावती
७. भैरवी
८. बगलामुखी
९. मातंगी
१०. कमला

वाममार्गी एवं दक्षिण मार्गी दोनों वर्ग इन दस महाविद्याओं की उपासना करते हैं। तन्त्रोक्त गायत्री दस महाविद्याओं की उपासना में श्रेयस्कर होती है। गायत्री मन्त्रानुसार दस महाविद्याओं की साधना के मन्त्र नीचे दिये जा रहे हैं।

१. **काली**—ओं कालिकाये विद्महे श्मशानवासिन्यै धीमहि तन्नो अघोरा प्रचोदयात्।

२. **तारा**—ओं ताराये विद्महे महोग्रायै धीमहि तन्नोदेवी प्रचोदयात्।

३. **षोडसी (त्रिपुरसुन्दरी)**—ओं ऐं त्रिपुरा देव्यै विद्महे क्लीं कामेश्वर्यै धीमहि तन्नः क्लिन्ने प्रचोदयात्।

४. **भुवनेश्वरी**—ओं नारायण्यै विद्महे भुवनेश्वर्यै धीमहि तन्नो देवी प्रचोदयात्।

५. **भैरवी**—ओं त्रिपुरायै विद्महे महाभैरव्यै धीमहि तन्नो देवी प्रचोदयात्।

६. **छिन्नमस्ता**—ओं वैरोचन्यै विद्महे छिन्नमस्तायै धीमहि तन्नो देवी प्रचोदयात्।

७. **धूमावती**—ओं धूमावत्यै विद्महे संहारिण्यै धीमहि तन्नो

धूमा प्रचोदयात्।

८. **बगलामुखी**—ओं ह्लीं ब्रह्मास्त्राय विद्महे स्तम्भन बाणाय धीमहि तन्नो बगला प्रचोदयात्।

९. **मातंगी**—ओं मातंगयै विद्महे उच्छिष्ट चाण्डाल्यै धीमहि तन्नो देवी प्रचोदयात्।

१०. **कमला**—ओं महादेव्यै विद्महे विष्णुपत्न्यै धीमहि तन्नो लक्ष्मीः प्रचोदयात्।

उक्त महाविद्याओं की सिद्धि १,००,००० (एक लाख) मन्त्र जपकर किया जा सकता है। जप का दशांश हवन भी करना होगा।

देवी सिद्धियाँ

१. तारा देवी सिद्धि

तारण करने वाली शक्ति को तारा कहते हैं अर्थात् सांसारिक दुखों से छुटकारा दिलाकर सुख, धन, ऐश्वर्य प्रदान करने वाली शक्ति को तारा कहा जाता है।

ध्यान

प्रत्यालीढ़ पदां घोरां मुण्ड माला विभूषिताम्।
खर्वां लम्बोदरी भीम्रां व्याघ्र चर्मावृतां करो।
नवयौवन सम्पन्नां पंचमुद्राविभूषिताम्
चतुर्भुजां ललजिहवां महाभीमां वर प्रदाम्
खंग कतृसमायुक्तः सव्येतर भुज द्वयाम्
कपालोत्पल संयुक्त सव्यपाणिं युगान्विताम्
पिंगोग्रैक जटां ध्यायेन्मोलां वक्षाम्यम् षिताम्
ज्वलच्चिता मध्यगतां घोर द्रष्टां करालिनीम्
सावेश स्मेरवदना स्वयलंङ्कार विभूषिताम्
विश्वव्यापक तोयान्तः श्वेत पदमोपरिस्थिताम्
अक्षोभ्यो देवी मूर्द्धन्यः त्रिमूर्तिनागरूप धृक

तारा देवी सिद्धि मन्त्र

ओं ह्रीं स्त्रीं हूं फट्
ओं ऐं ह्रीं क्रीं हूं फट्
ओं श्रीं ह्रीं क्रीं हूं फट्
ह्रीं स्त्रीं हूं फट्

उक्त तारा मन्त्रों में से किसी एक मन्त्र का एक लक्ष जप करना चाहिये। दशांश होम तर्पण अभिषेक व ब्राह्मण भोजन करना चाहिये। घृत संयुक्त बिल्व से हवन कराना चाहिये। शुद्ध समय में किसी भी माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि से जप आरम्भ करे तथा अगले कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि तक साढ़े तीन हजार प्रतिदिन जप करे। शनिवार को एक नरमुण्ड लाकर उसको विधिवत सिन्दूर से टीके और एक हाथ नीचे किसी निर्जन स्थान में गाड़कर उसी पर बैठकर मन्त्र जपे। इस प्रकार तारा भगवती साकार रूप में दर्शन देकर सिद्धि देती है।

योगीराज यशपाल जी ने अपनी पुस्तकों में तारा देवी की सिद्धि का निम्न तरीका बताया है।

किसी भी माह के शुक्ल पक्ष के प्रथम गुरुवार से साधना प्रारम्भ की जाती है। इसका समय रात्रि के ९ बजे से ३ बजे के बीच है। जिस कमरे में साधना करनी हो, उस कमरे में सभी सामान हटा देना चाहिये तथा कमरे की दीवारें तथा छत गुलाबी रंग से पुतवा देना चाहिये। कमरे को शुद्ध जल से धो देना चाहिये। कमरे में लकड़ी का दो फुट लम्बा तथा दो फुट चौड़ा तख्त जमीन से एक फुट ऊँचा उठाकर रखना चाहिये। तख्त पर लाल रंग का

श्री तारा देवी

तारा यन्त्र

कपड़ा बिछा देना चाहिये। तख्त के सामने सूती लाल रंग का आसन बिछाना चाहिये। आसन पर उत्तर की तरफ मुख करके बैठना चाहिये। तख्त उत्तर दिशा की तरफ होना चाहिये। गुलाबी रंग के चावलों से तख्ते पर अष्टदल बना देना चाहिये। उसके मध्य में एक मोटा मिट्टी का दीपक, शुद्ध घी से भरा हुआ, लाल रुई की बत्ती डालकर रखना चाहिये। दीपक भी लाल रंग से रंगा होना चाहिये। अष्टदल के सामने चावल की सात छोटी-छोटी ढेरियाँ बना दें। प्रत्येक ढेरी पर एक सुपारी तथा एक कपूर की टिकिया रख दें। गंधक को पीसकर उसकी ढेरी बनाकर उसके ऊपर दीपक को रख दें। दीपक के समाने सात बतासे रख दें। सातों ढेरियों पर एक-एक लौंग और इलायची भी रख दें तख्ते पर एक किनारे पर लाल रंग से रंगा एक कलश भी रख दें। उसमें लाल जल भर दें। स्वयं लाल रंग की धोती, गंजी, चादर तथा

यज्ञोपवीत पहनकर बैठना चाहिये। सर्वप्रथम दाहिने हाथ में जल लेकर संकल्प करें—

ओं अद्य अमुक नाम संवत्सरे अमुक मासे अमुक पक्षे अमुक तिथौ वासरे भगवती तारा महाविद्यां सिद्ध्यर्थे साकार रूपे सिद्धि प्राप्तयर्थं अद्यतः चतुर्दश दिवसानि यावत प्रतिदिनं शतं एकं मालां जपं अमुक गोत्रोत्पन्नो अहम् नाम करोमि। सत्याः सन्तु मम् कामाः।

साधना तक दिन में खाना एक समय खाना चाहिये। दिन में सोना नहीं चाहिये। असत्य सम्भाषण, लेन-देन नहीं करना चाहिये। क्षौर कर्म वर्जित है। न तेल लगाना, न खाना चाहिये। सम्भव हो तो तारा देवी का फोटो तख्त पर सामने रखना चाहिये तथा स्थिर दृष्टि से देखता हुआ तारा मन्त्र का जाप प्रारम्भ करें। मन्त्र—'**ओं तारा तूरी स्वाहा**' का धीरे-धीरे ध्वनि करता हुआ जप करें। चौदह दिनों के अन्दर तारा देवी विभिन्न रूप में प्रकट होंगी। पहले भयावना-डरावना रूप द्वारा जप में अवरोध करने की कोशिश करेंगी। साधक को किसी भी तरह भयभीत नहीं होना चाहिये। अन्त में तारा देवी २० वर्ष की युवती के रूप में सुन्दर बदन वाली सुगन्धयुक्त होकर दर्शन देती है। उस समय तारा साधक जिस रूप में तारा को सिद्ध करता हो उसी रूप में प्राप्त करने का अनुरोध करे।

२. धूमावती देवी सिद्धि

मन्त्र— धूं धं धूमावती स्वाहा

धूमावती देवी शत्रुनाशक हैं।

श्री धूमावती देवी

धूमावती यन्त्र

इनका न्यास विनियोग निम्न है—

पिप्लाद ऋषये नमः शिरसि
निवृच्छन्दसे नमः मुखे
धूमावत्यै देवतायै नमः हृदि।

कराङ्गन्यास	**षडङ्गन्यास**
धां अंगुष्ठाभ्यां नमः	**धाँ हृदयाय नमः**
धीं तर्जनीभ्यां नमः	**धीं शिरससे स्वाहा**
धूं मध्यमाभ्यां नमः	**धूं शिखायै वषट्**
धैं अनामिकाभ्यां नमः	**धैं कवचाय हूं**
धौं कनिष्ठकाभ्यां वौषट्	**धौं नेत्रत्रयाय वौषट्**
धः करतलपृष्ठाभ्यां फट्	**धः अस्त्राय फट्**

ध्यान

विवर्णा चंचला रुष्टा दीर्घा च मलिनाम्बरा
विवर्ण कुण्डला रुक्षा विधवा विरला द्विजा
काक ध्वज रथारूढ़ा विलम्बित पयोधरा
सूर्यहस्ताति रूक्षाक्षी धूत हस्ता वर्णन्वता
प्रवृद्ध घोड़ा तु भशं कुटिला कुटिलेक्षणा
क्षुत् पिपासार्दिता नित्यं भयदा कलह प्रिया

विधि—किसी भी माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी से उपवास करे। एकान्त स्थान में दिन-रात मौन रहते हुए एक लाख बार जप करे। उष्णीष और आर्द्र वस्त्र धारण कर जप करना चाहिये। फिर शत्रु के नाम के ऊपर मूल मन्त्र लिखकर उसके ऊपर शिवलिंग की स्थापना कर पूजन पूर्वक जप में लगे। जप के पूर्व निम्न संकल्प करे—

ओं अद्य अमुक गोत्रोत्पन्नो अमुक शर्मा, वर्मा अहम् अमुक संवत्सरे अमुक मासे अमुक पक्षे अमुक तिथौ अमुक वासरे मम् अमुक नाम शत्रुं मारणार्थ धूमावती महाविद्यां प्रीत्यर्थ धूमावती मन्त्रस्य लक्षं वारं जपं करोमि। सत्याः सन्तु मम् कामाः।

५०० बार जप करने पर शत्रु ज्वरग्रस्त हो जाता है। पंचगव्य या दूध द्वारा हवन करने से शत्रु का ज्वर छूट जाता है। उसके बाद देवी की पूजा कर जप करे।

हरिद्रापत्र पर शत्रु का नाम लिखकर किसी वन के बीच में डालकर उसके ऊपर उक्त मन्त्र का दस हजार जप करें। इससे

शत्रु का उच्चाटन होता है।

श्मशान की अग्नि में कौए को दग्ध कर उसकी भस्म लेकर उसे १०८ बार मन्त्र से अभिमन्त्रित करे। इस भस्म को शत्रु का नाम उच्चारण करते हुए आठों दिशाओं में फेंक दें। इससे भी शत्रु का उच्चाटन होता है।

रजस्वला के रक्ताक्त वस्त्र द्वारा निर्मित धूप को जलाकर यदि निवेदन करे तो कालिका गृध रूप में आकर शत्रु का नाश करती है।

३. भुवनेश्वरी देवी सिद्धि

मन्त्र—ह्रीं

इस मन्त्र का एक लक्ष जप करने से भुवनेश्वरी देवी की सिद्धि प्राप्त होती है तथा साधक मनोवांछित फल पाता है। भूत,

भुवनेश्वरी यन्त्र

श्री भुवनेश्वरी देवी

भविष्य का ज्ञान प्राप्त होता है।

उक्त मन्त्र की सिद्धि से भुवनेश्वरी देवी सिद्ध होती हैं तथा साधक जगत के नर नारी को अपनी ओर आकर्षित कर लेता है तथा सभी इच्छाएँ उसकी पूरी होती हैं।

शक्तियाँ नौ हैं—१. जया, २. विजया, ३. अपराजिता, ४. नित्या, ५. विलासिनी, ६. दोग्ध्री, ७. अघोरा, ८. मंगला, ९. अजिता।

यन्त्रों के अष्टमण्डल की अधिष्ठात्री आठ शक्तियाँ निम्न हैं—

१. अनंग कुसुमा, २. अनंगकुसुमातुरा, ३. अनंग मदना, ४. अनंग मदनातुरा, ५. भवनपाला, ६. गगनवेगा, ७. शशि रेखा, ८. गगन रेखा।

षोडश शक्तियाँ सोलह पत्रों में निम्न प्रकार से वास करती हैं—

१. कराली, २. विकराली, ३. उमा, ४. सरस्वती, ५. दुर्गा, ६. श्री, ७. लक्ष्मी, ८. श्रुति, ९. स्मृति, १०. धृति, ११. श्रद्धा, १२. मेधा, १३. मति, १४. कान्ति, १५. आर्या, १६. उमा।

साधक उक्त भुवनेश्वरी मन्त्र का ३२ लाख जप से साक्षात् भुवनेश्वरी को अपने वश में कर लेता है। कण्ठ भर जल में स्थित होकर ३ हजार मन्त्र का जप करें तो मनुष्य अपनी अभीष्ट कन्या को प्राप्त कर लेता है। शाल्मली के पिण्ड से परिपूर्ण और मधुर युक्त पुतली बनाकर जप करने पर उसकी प्राण प्रतिष्ठा करें। रविवार के दिन उसका अर्चन करें तो साधक राजा, नर, नारी को

अपने वश में कर लेता है। कपूर, गुग्गुल से संयुक्त कुंकुम को उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित करके तिलक करने पर साधक राजा को वश में कर लेता है। पच्चीस बार जप किए हुए जल से प्रतिदिन स्नान करने से सभी प्रकार का सौभाग्य प्राप्त होता है। पच्चीस बार जल अभिमन्त्रित करके जल को जो प्रातःकाल पीता है वह बड़ी पूजा का लाभ कर कवियों का भी अगुआ हो जाता है। मन्त्रधारी प्रतिदिन मन्त्र से अभिमन्त्रित अन्न का भक्षण करें तो धन की वृद्धि होती है। ढाक (पलाश के फूल) से हवन करने पर बहुत बड़ी श्री की प्राप्ति होती है। मधु से युक्त लाल कमलों द्वारा दस हजार आहुतियाँ तथा तिल सहित चावल की आहुतियाँ पुरुष को राज्यश्री प्रदान करती है।

***मन्त्र*—ह्रीं गौरी रुद्र दयिते योगेश्वरी बम फट्।**

यह १६ अक्षरों वाला मन्त्र है। इसे भोजपत्र पर लिखकर अपनी बाँयीं बाँह में या कण्ठ में या अपने मस्तक में बाँधें तो सब मनुष्यों को वश में कर लेता है। विशेष रूपसे नृपति को वश में कर लेता है।

४. बगलामुखी देवी सिद्धि

***मन्त्र*—ओं ह्लीं बगलामुखी सर्वदुष्टानां वाचं मुखं पदं स्तम्भय जिह्वां कीलय बुद्धिं विनाशय ह्लीं ओं स्वाहा।**

यह देवी भी शत्रुनाशक है। सर्वदुष्टानां के स्थान पर शत्रु का नाम लेना चाहिये। हल्दी की माला पर इसका जप करने से शीघ्र सिद्धि प्राप्त होती है। एक लक्ष जप से भगवती प्रसन्न होती है।

बगलामुखी यन्त्र

श्री बगलामुखी देवी

यह उग्र देवी है।

साधन विधि—किसी भी माह के कृष्णपक्ष की चतुर्दशी से जप प्रारम्भ करना चाहिये। चौदह दिन में यह साधना पूरी करनी पड़ती है। इसमें साधक को पीला वस्त्र धारण करना पड़ता है। आसन भी पीले वस्त्र का होना चाहिये। एक कमरे में यह साधना करें। उस कमरे में से अन्य सामान हटा देना चाहिये। कमरे की पुताई पीले रंग से कर देनी चाहिये। रात्रि के १० बजे से जप प्रारम्भ कर प्रातः ५ बजे तक करना चाहिये। कमरे के दक्षिण भाग में जप स्थान रखें। एक आम का तख्ता एक फुट जमीन से ऊँचा पीले रंग से रंगा हुआ ३ फुट लम्बा चौड़ा रखें। उस पर पीले रंग के चावल से बगलामुखी यन्त्र बना दें। तख्ते पर पीला कपड़ा बिछा दें। उस पर बीच में पीले रंग का रंगा हुआ कलश रख दें।

उस पर पीले रंग का रंगा हुआ मिट्टी का दीपक रख दें। दीपक में गाय का घी डाल दें। दीपक की बाती भी पीले रंग की होनी चाहिये। बगल में बगलामुखी का फोटो रख दें। आसन पर दक्षिण की ओर मुख करके जप हेतु सुखासन में बैठें। तख्ती पर कन्ने का पीला फूल या अन्य पीले रंग का फूल बिखेर दें। जप के पू निम्न संकल्प करें—ओं अद्य अमुक गोत्रोत्पन्नो अहम् अमुक नाम शर्मा, वर्मा अहम् अमुक नाम संवत्सरे अमुक मासे अमुक पक्षे अमुक तिथे। अमुक वासरे सर्व शत्रु विनाशार्थं शत्रोपरि विज पुण्यर्थ बगलामुखी महाविद्यां साकार रूपे सिद्धि पुण्यर्थ बगलामुख मन्त्रस्य एक लक्ष बार जपं करोमि। सत्याः सन्तु मम् कामाः।

उसके बाद निम्न विनियोग करें—

ओं अस्याः श्रीं ब्रह्मास्त्र विद्या बगला मुख्य नारद ऋष नमः शिरसि। त्रिष्टुप छन्दसे नमो मुखे। श्री बगलामुखी देवता नमो हृदये। ह्लीं बीजाय नमो गुह्ये। शक्तये नमः पादयोः। अ कीलकाय। नमः सर्वांगे। श्री बगलामुखी देवता प्रस सिद्धयर्थ जपे विनियोगः।

ध्यान

मध्ये सुगन्धि मणि मंडप रत्नवेदी सिंहासनो परिगताम्ब पीत वर्णम् पीताम्बरा मरणमाल्य विभूतिषांगीन् देवी नमा धृत मुदगर बैरि जिह्वाम् जिह्वाग्रमादाय करेण देवी वामेन शत्रु परिपीडयन्तीम् गदाभिघातेन च दक्षिणेन पीताम्बराद द्विभुजान नमामि॥

नित्य १०१ माला मन्त्र का फेरे। नित्य केवल दूध का सेवन करें। इनकी साधना में भी देवी उग्र रूप में साधक को डराती धमकाती है। साधक अपने साधन से निर्भय होकर भगवती बगला को प्रसन्न करके चौदहवीं रात्रि में उनका दर्शन कर पाता है तथा इच्छित वर की प्राप्ति उसे होती है। इनका हवन सदा कन्नेर के पीले फूल से करना चाहिये।

मधु, घृत और शक्कर मिश्रित तिल से हवन करने पर मनुष्य वश में हो जाता है।

आकर्षण—मधु, घृत, शक्कर सहित नमक से हवन करने पर आकर्षण होता है।

कलह—तेल में मिली नीम की पत्ती से हवन करने पर आपस में झगड़ा करता है।

शत्रु स्तम्भन—ताड़पत्र नमक युक्त हल्की की गाँठ से हवन करने पर शत्रु का स्तम्भन होता है। अगर, राई, भैंस का घी और गुग्गल से हवन रात्रि में किया जाये तो शत्रु का शीघ्र नाश होता है।

उच्चाटन—गीध और कौए के पंख को सरसों के तेल में मिलाकर चिता पर हवन करने से शत्रु का उच्चाटन होता है।

रोगनाशक—मधु, शहद तथा चीनी मिला हुआ दूध, गुरुच एवं धान का लावा से हवन करने से रोग खत्म हो जाता है।

शत्रु शक्तिनाशक—चीनी तथा मधु से युक्त एक वर्ण वाली गौ के दूध को बगलामुखी मन्त्र से ३०० बार अभिमन्त्रित करके उस दूध का पान करने से शत्रुओं का समस्त सामर्थ्य नष्ट

हो जाता है।

शत्रु समस्त कार्य रोधक—धतूरे के रस एवं निशाचूर्ण से हरताल को घोटकर षट्कोण यन्त्र में बीज मन्त्र तथा शत्रु का नाम लिखकर उस यन्त्र को पीले डोरे से लपेटकर अपने घर में रख दे। घूमते हुए कुम्हार की चाक की मिट्टी से बैल की एक मूर्ति बनाकर उस मूर्ति के मध्य में उस यन्त्र को रखे और चौदह दिन तक उसमें हरताल का लेपन कर उस बैल का चौदह दिन पूजन करने से शत्रु की वाणी, गति एवं कार्य रुक जाते हैं।

देव स्तम्भन—चम्पा के पुष्प से हवन करने पर देव स्तम्भन होता है।

७, ९, ११ अथवा २१ दिन में जप पूरा करें।

हल्दी से भोजपत्र पर यन्त्र बनावें।

९. मातंगी देवी सिद्धि

***मन्त्र*—ओं ह्रीं क्लीं हूं मातंग्यै फट् स्वाहा।**

अंगन्यास मन्त्र—

ओं ह्रां अंगुष्ठाभ्यां नमः
ओं ह्रीं तर्जनीभ्यां नमः
ओं हूं मध्यमाभ्यां नमः
ओं हैं अनामिकाभ्यां वौषट्
ओं ह्रौं कनिष्ठकाभ्यां वौषट्
ओं ह्रः करतलपृष्ठाभ्यां फट्
ओं ह्रां हृदयाय नमः

श्री मातंगी देवी

मातंगी यन्त्र

ओं ह्रीं शिरसे स्वाहा
ओं हूं शिखायै वषट्
ओं हैं कवचाय नमः
ओं ह्रौं नेत्रत्रयाय वौषट्
ओं हः अस्त्राय फट्

ध्यान

श्यामांगी शशि शेखरां त्रिनयनां
रत्न सिंहासनस्थिताम्।
ध्यायेऽहं वेदैबहि दण्डैरसि
खेटक पाशांकुश धराम्॥

गन्ध पुष्प आदि से देवी का पूजन करें। नैवेद्य शर्करा युक्त पायस अर्जित करे। छः हजार जप से पुरश्चरण होता है। दशांश

हवन घृत, शर्करा, मधु, पलाश समिधा से करें। साधक चौराहा, श्मशान स्त्रियों के समूह में मत्स्य, मांस और पायस देकर गुग्गुल से धूप प्रदान करे। यह प्रयोग स्त्री में ही करे। सभी मनोकामनापूर्ण होगी। कवित्व शक्ति प्राप्त होगी। अग्नि, जल और वाक् स्तम्भन की शक्ति मिलेगी।

मत्स्य और मांस के बिना इस देवी का पूजन न करें।

६. छिन्नमस्ता सिद्धि

श्री छिन्न मस्तिका देवी

छिन्न मस्तिका यन्त्र

घी सिन्दूर से यन्त्र लिखें।

मन्त्र— **ओं श्री ह्रीं क्लीलं ऐं वज्र बैरोचनिये हूं हूं फट् स्वाहा।**

अमावस्या की मध्य रात्रि में १२ से २ बजे के बीच में १९००० जप करें। दशांश हवन तिल, मदिरा, मछली को घी भिगोकर हवन करें, सुरा की बलि दे दें।

यह भी श्मशानवासी देवी है। इनकी साधना से सभी इच्छायें पूर्ण होती हैं तथा शत्रु समाप्त होते हैं।

तामाग्नि-वर्ण तयसा ज्वलंतीं वैरोचनीं कर्मफलेषु जुष्टाम।
दुर्गा देवीं शरणोमहं प्रपद्ये सुतरां नाशयते तमः॥

अर्थात् अग्नि के समान रक्त वर्ण वाली तप से सदैव प्रज्वलित कर्म फल की इच्छा वाले साधनों से सेवित वैरोचनी दुर्गा देवी (छिन्नमस्ता) के शरण जाता हूँ जो कि अन्धकार को अपने आप नाश कर देती है।

प्राणतोषणि तन्त्र में इनकी उत्पत्ति की कथा निम्न प्रकार से दी गई है—

एक समय छिन्नमस्ता देवी अपनी सहचरी जया विजया के साथ मन्दाकिनी में स्नान करने गयी। वहां स्नान करने पर कामाग्नि से पीड़ित होकर वह जगदानन्द कारिणी भगवती कृष्ण वर्ण की हो गयीं। उस समय जया विजया ने उनसे खाने के लिये भोजन माँगा। वे बहुत भूखी थीं। देवी ने उन्हें प्रतीक्षा करने को कहा। उस समय जया विजया ने विनम्र मधुर स्वर में देवी से कहा कि माता प्रार्थना करने पर शत्रुओं को अवश्य ही भोजन देती हैं। माता दयावान् होती है। अतः आपको अवश्य ही कुछ भोजन देना चाहिये। इस पर देवी ने कराग्र से अपने सिर का छेदन कर दिया। छिन्नशिर देवी के बायें हाथ पर आ गिरा और उनके कबन्ध से तीन धाराएँ बह निकलीं। दो धाराएँ उनकी सहचरी डाकिनी और वर्णिनी के मुख में प्रवाहित होने लगी तथा तीसरी धारा को भगवती अपने कटे हुए सिर से स्वयं पान करने लगीं। तभी से उस

स्वरूप का नाम 'छिन्नमस्ता' हो गया।

मन्त्र—मन्त्र महोदधि में १७ अक्षरों का मन्त्र बताया गया है—

ओं श्रीं ह्रीं ह्रीं वज्र वैरोचनिये ह्रीं ह्रीं फट् स्वाहा।

विश्वसागर तथा रुद्रयामल के अनुसार—

श्रीं ह्रीं क्लीं ऐं वज्रवैरोचनिये ह्रीं ह्रीं फट् स्वाहा।

मन्त्र महार्णव के अनुसार—

ओं श्रीं ह्रीं ह्रीं क्लीं ऐं वज्रवैरोचनिये ह्रीं ह्रीं फट् स्वाहा।

मन्त्र का पुरश्चरण ४ लाख जप से तथा दशांश हवन पलाश के फूल से करना चाहिये।

मालती के पुष्प से हवन करने पर वाक्सिद्धि, चम्पा के फूल से सुख-सम्पत्ति मिलती है।

सफेद कन्नेर के फूल से रोग मुक्ति और दीर्घायु, लाल कन्नेर के फूल से राजा, मन्त्री एवं अधिकारियों का वशीकरण होता है।

दुम्बर और पलाश के फूल से लक्ष्मी प्राप्ति, पायस एवं अन्न के होम से कवित्व शक्ति, तिल और चावल के होम से सर्वत्र अनुकूलता होती है।

चिता की अग्नि में कोयल के पंख का हवन करने से शत्रु का नाश होता है।

७. षोडशी (त्रिपुर सुन्दरी) साधना

मन्त्र—**श्रीं ह्रीं क्लीं।**

श्री षोडशी (त्रिपुर सुन्दरी) देवी

षोडशी यन्त्र

एक लक्ष जप द्वारा सिद्धि। त्रिमधुयुक्त बिल्व या जवापुष्प द्वारा दशांश होम।

***अन्य आराधना मन्त्र*—ओं श्रीं ह्रीं क्लीं ऐं सौ : ओं ह्रीं श्रीं क्लीं रूं क्रीं क्लीं सौ : ऐं ह्रीं श्रीं।**

उक्त मन्त्र का १ लाख रुद्राक्ष माला पर जप करने तथा दशांश हवन करने से भगवती त्रिपुर सुन्दरी साकार रूप में प्रकट होती है। इच्छित मनोकामना की पूर्ति करती हैं।

***एक अन्य मन्त्र*—ओं ऐं क्लीं ह्रौं श्रीं त्रिपुरसुन्दर्यै नमः।**

इस मन्त्र की भी साधना १ लाख मन्त्र जप द्वारा की जा सकती है।

यह देवी राजपक्ष को अपने वश में ला देती है तथा राजा, पदाधिकारी साधक के अनुकूल कार्य करता है।

८. उच्छिष्ट चाण्डालिनी सिद्धि

मन्त्र—१. उच्छिष्ट चाण्डालिनि सुमुखि देवि, महापिशाचिनी ह्रीं ठः ठः ठः।
२. उच्छिष्ट चाण्डालिनी मातंगि सर्व वशंङ्करी नमः स्वाहा।

उक्त दोनों मन्त्रों में से किसी एक का १००८ बार जप तथा दशांश हवन करना चाहिये। इसे कभी भी किसी भी परिस्थिति में सिद्ध किया जा सकता है। इसके लिये कोई नियम आचार नहीं है।

देवी का ध्यान मन्त्र—

शवोपरि समासीनां रक्ताम्बर परिच्छदाम्।
रक्तालङ्कार संयुक्तां गुंजाहार विभूषिताम्।
षोडषाब्दाम् न युवतिं पीन्नोनत पयोधराम्।
कपाल कर्तृ का हस्तां परां ज्योतिः स्वरूपिणीम्।

देवी को उच्छिष्ट पदार्थ की बलि अर्पित करना चाहिये। जप के पश्चात् उच्छिष्ट पदार्थ द्वारा हवन करें। देवी को अग्नि स्वरूपा ध्यान कर, दही और श्वेत सरसों से युक्त चावल द्वारा हवन करें। एक हजार होम से राजा वश में होता है। मार्जार के मांस द्वारा होम से सभी शास्त्रों में पारंगत व्यक्ति होता है। मधु युक्त छाग मांस के सहस्र होम से साधक को कुल देवी की सिद्धि होती है।

विद्या की अभिलाषा वाले शर्करा युक्त खीर से हवन करें। घी, मधु, शर्करा युक्त बिल्वपत्र से एक मास तक १०८ बार

प्रतिदिन हवन करने से वन्ध्या नारी को भी चिरंजीवी पुत्र प्राप्त होता है। मधुयुक्त रक्तबदरी पुष्प के हवन से भाग्यहीन नारी सौभाग्यवती होती है। ऐसा हवन १००० बार करना चाहिये। रजस्वला के वस्त्र के टुकड़े-टुकड़े कर मधु और खीर से युक्त कर यदि लगातार एक माह तक १००० बार हवन किया जाए तो तीनों लोक वशीभूत होते हैं।

९. उच्छिष्ट गणेश सिद्धि

***मन्त्र*—ओं हस्ति पिशाचि लिखे स्वाहा।**

१९००० जप से मन्त्र सिद्ध होता है। किसी भी मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी से अगले माह की चतुर्थी तिथि तक उक्त मन्त्र का जप प्रतिदिन १००० बार करना चाहिये। स्त्रीसंग नियमित रहते हुए जप करें। प्रतिदिन देवता को मधु में स्नान कराकर गुड़ पायस का नैवेद्य अर्पित करें। भोजन के बाद बिना आचमन किये जूठे मुँह ही जप करना चाहिये। रक्त, चन्दन की अंगुष्ठ बराबर प्रतिमा उच्छिष्ट गणेश की बना लें और उस मूर्ति में प्रतिष्ठा कर विप्र, बहिन, या गुरु के समीप १९००० मन्त्र जप करने से मन्त्र सिद्ध होता है। रक्त, चन्दन लगाकर ताम्बूल चर्बला करते हुए भी हवन किया जा सकता है तथा जप किया जा सकता है। मोदक खाते हुए भी जप किया जाता है। राजद्वार, वन भूमि, सभा, गोत्र समाज, विवाद, व्यवहार, संग्राम, शत्रु, संकट, नौका, कानन, द्यूत, कार्य, विपत्काल, ग्राम दाह, चोर भय और सिंह व्याघ्रादि भय हैं इस मन्त्र का स्मरण करने मात्र से विघ्न दूर होता है। १०८

बार मन्त्र से अभिमन्त्रित कर अपामार्ग की समिधा से हवन करने पर सौभाग्यवान होता है।

वानर की हड्डी से निर्मित कीलक को उच्चिष्ट गणेश के मन्त्र से अभिमन्त्रित कर जिसके घर में स्थापित किया जाए उसका उच्चाटन होता है। एक लाख बार हवन करने से मानव अष्टसिद्धियों का स्वामी हो जाता है तथा शून्य में गमन करने की शक्ति मिलती है। भोजपत्र पर मन्त्र लिखकर कण्ठ या मस्तक में धारण करें तो साधक के सौभाग्य की वृद्धि होती है तथा उसकी रक्षा होती है। इस कीलक को किसी दुकान में रखा जाए तो वहाँ क्रय-विक्रयादि व्यवसाय नहीं होता है।

शराबखाने में रखने पर वहाँ का मद्य विकृत हो जायेगा। वेश्यालय में रखने पर वेश्या को ग्राहक न मिलेगा। किसी अविवाहित कन्या के घर में कीलक रखें तो उसका विवाह न होगा। मनुष्य अस्थि को मन्त्र से अभिमन्त्रित करके जिसके घर में रखा जाये उसकी शीघ्र मृत्यु हो जायेगी। कीलक को उठा कर फेंक देने से सब दोष शान्त हो जाता है। जिस व्यक्ति का नाम लेकर इस मन्त्र का १००० बार जप किया जाए वह व्यक्ति वशीभूत हो जाता है। विवाहार्थ व्यक्ति ५००० बार होम करें तो उत्तम रमणी प्राप्त करता है।

१०. धनदा देवी साधना

मन्त्र—धं श्रीं ह्रीं रति प्रिये स्वाहा।

एक लाख मन्त्र जप से सिद्धि होती है। 'धं' बीजमन्त्र का

पूजन करें। रत्नादि माला से जप करें। एक सप्ताह तक रात्रि में १००८ बार जप करने से पुनश्चरण सम्पन्न होता है। भोजन के बाद अथवा दिन में किये हुए पायसान्न की बलि प्रदानकर जो पवित्र या अपवित्र किसी अवस्था में धनदा मन्त्र का १०,००० बार जप करता है, उसकी दरिद्रता दूर होती है। एक सप्ताह तक १००८ बार जप का दशांश होम घृत, मधु, शर्करा से करें तो उसकी दरिद्रता दूर हो जाती है।

११. नित्या देवी सिद्धि

_मन्त्र_—ऐं क्लीं नित्यक्लिनो मदद्रवे स्वाहा।

इसका जप एक लाख बार करने से साधक को नित्या देवी प्रसन्न होकर शीघ्र कार्य करती है तथा मनोकामना की प्राप्ति होती है। निम्नांकित यन्त्र कागज या भोजपत्र पर बनाकर पूजा करनी चाहिये।

नित्या देवी सिद्धि यन्त्र

१२. कर्ण पिशाचिनी सिद्धि

यह सिद्धि वाममार्गी है यद्यपि यह देवी साधकों को धन, सम्पत्ति देती है परन्तु इसके साधक की गति अच्छी नहीं होती। अन्तिम क्षण इसका बड़ा दुःख में बीतता है।

वैसे इसकी साधना किसी भी माह की त्रयोदशी से प्रारम्भ की जाती है, तथा अमावस्या को समाप्त होती है। त्रयोदशी की रात्रि ११ बजे से सूर्योदय पूर्व तक नित्य ५१ माला जप करने का विधान है। ५४ मनके की माला पर जप किया जाता है। वह भी माला हड्डी की होनी चाहिये। एक ५४ मनके की हड्डी की माला अपनी गर्दन में पहने रहना होता है।

त्रयोदशी के दस दिन पूर्व से ही स्नान करना, मुँह धोना, कपड़ा बदलना छोड़ देना होता है। अपने घर के किसी एक कमरे में जिसमें कुछ भी सामान न हो, किया जा सकता है। इस बीच मूत्रपान तथा मलपान अपना ही कुछ न कुछ करना होता है।

खाना खाकर बर्तन मलना या मुँह धोना मना है। यानि अपवित्र रूप में रहना होगा। इस बीच देवी देवताओं की पूजा सन्ध्या आदि सभी कर्मों को त्यागना हेता है। जप प्रारम्भ होते ही कर्ण पिशाचिनी साधक के पास २०-२५ वर्ष की युवती के रूप में आकर साधक के अंग से कामक्रीड़ा करने लगती है।

बिल्कुल निर्वस्त्र रूप में साधना करनी होती है। कर्णपिशाचिनी भी नग्नावस्था में ही साधक के पास आकर उसके लिंग का चुम्बन, मल-मूत्र देह से लगाना साधक के साथ सम्भोग करना आदि काम करती है तथा रात्रि के अन्तिम प्रहर में गायब हो जाती

है। अपने चारों तरफ दीपक जलाकर साधक इसकी सिद्धि करता है। साधना की तीनों रात्रि में देवी स्त्री के रूप में आकर रहती है।

अमावस्या की रात्रि में साधक को उसका कार्य करते रहने का वचन देती है तथा साधक को अन्य स्त्रियाँ यहाँ तक कि अपनी पत्नी से भी सम्पर्क करने को मना कर जाती है। जब भी उसे काम क्रीड़ा की भूख होगी साधक के पास आ जाया करती है।

साधना पूरी होने पर देवी साधक को बीती हुई बातें कान में आकर कह देती है। जो एक चमत्कारी आकर्षण का कार्य होता है। लोग प्रभावित होकर साधक को मनमाना रुपया देते हैं। अतः यह साधक के पास धन का बाहुल्य करा देती है।

अमावस्या के बाद भी दस दिनों तक कोई क्रिया कर्म पूजा नहीं करनी चाहिये। मन्त्र इस प्रकार है।

ओं ह्रीं कर्णपिशाचिनी अमोघ सत्यवादिनी मम कर्णे अवतर अवतर सत्यं कथय कथय अतीत्र अनागत वर्तमान दर्शय दर्शय ऐं ह्रीं ह्रीं कमर्णपिशाचिनी स्वाहा।

इस देवी की सिद्धि से साधक की पत्नी जीवित नहीं रह पाती। परन्तु इसकी सिद्धि से समान-मर्यादा, धन-यश की प्राप्ति होती है। यह देवी साधक के कान में बीती हुई बातें तथा वर्तमान की बातें बतला देती है। अतः यह चमत्कार दिखाने वाली देवी है।

१३. हरिद्रा गणेश साधन

मन्त्र—ग्लं

यह मन्त्र सर्वकामना की पूर्ति करने वाला है। इसका एक लाख जप करके मन्त्र को सिद्ध किया जाता है।

ध्यान—

हरिद्रामं चतुर्बाहुं हारि द्रवसनं विभुम्।
पाशांकुशधरं देवं मोदकं दन्तमेव च॥

घृत, मधु, शर्करा और हरिद्राचूर्ण मिश्रित चावल से दशांश हवन किया जाता है।

इस मन्त्र को १००० जप प्रतिदिन करने से हरिद्रा गणेश सभी विघ्न-बाधाओं को दूर कर मनोकामना पूर्ति करते हैं।

१४. अन्नपूर्णा सिद्धि

भगवती अन्नपूर्णा की साधना करने से दरिद्रता दूर होती है तथा अन्न धन की प्राप्ति होती है।

ध्यान—

रक्तां विचित्रवसनां नवचन्द्रचूड़ा
मन्न प्रदाननिरतां स्तनमारनभ्याम्।
नृत्यन्तमिन्दु शकला भरणां विलोक्य
हृष्णं भजे भगवती भवदुःखहन्त्रीम्॥

मन्त्र—**ह्रीं नमो भगवती माहेश्वरी अन्नपूर्णे स्वाहा।**

इसका १६००० बार जप करना चाहिये। घृत युक्त अन्न से दशांश हवन करना चाहिये।

इस मन्त्र के आदि में ओंम लगाकर जप करने से भगवती अन्नदान, मुक्तिदान एवं विभवदान करती है। मायाबीज (ह्रीं) आदि में लगाने से यह मन्त्र सफल अभीष्ट प्रदान करता है।

(श्री) बीज आदि में लगाने से सुखवृद्धि होती है। वाग्बीज

(ऐं) लगाने से आदि में विवेक मिलता है। कामबीज (क्लीं) आदि में लगाने से सर्वकामना सिद्ध होती हैं। प्रणव और मायाबीज के योग से यह मन्त्र भोग तथा मोक्ष प्रदान करता है। माया और श्री बीज लगाने से वैभव मिलता है। श्री बीज और माया बीज के योग से सर्वसम्मत्ति का लाभ होता है।

१५. श्री दुर्गा सिद्धि

दुर्गा का मन्त्र—**ओं दुर्गे रक्षिणी ठः ठः।**

यह दशाक्षरी मन्त्र है। ५ लाख जप करें तथा घृत से दशांश हवन करें। मन्त्र का जप करते हुए युद्ध में प्रवेश करने पर शत्रुओं का हनन होता है। लवण ओर मधु से हवन करने से अभीष्ट व्यक्ति मोहित होता है। देवी की सिद्धि में कोई सन्देह नहीं है।

ध्यान—

सजलघनसमाभ भीम दष्ट्रं त्रिनेत्रं,
भुजगधरमघोर रक्तवस्त्रंगरागम्।
परशुडमरूंखगान्र्खटक बाणचायौ,
त्रिशिखनरकपाले विभ्रत भावयामि।

मन्त्र—**ह्रीं स्फुट स्फुट प्रस्फुट प्रस्फुटघोर घोरतर तनुरूप चट-चट प्रचंड प्रचंड कह कह बम बम बन्ध बन्ध घातयं घातय बम् फट्।**

इस मन्त्र का १ लाख जप करना चाहिये। दशांश घृत तिल से हवन करना चाहिये। इससे मन्त्र सिद्ध हो जाता है।

घृत, अपामार्ग तिल सरसों और पायस से सहस्र आहुति देने से भूतों एवं कृत्या आदि के उपद्रवों का नाश होता है।

सिंह मन्त्र

***मन्त्र*—ओं वज्रनख दृष्टायुधाय सिंहाय हूँ फट् नमः।**

दुर्गे देवी के सिंह वाहन पर आधारित देवी का सिंह मन्त्र भी बड़ा सिद्ध एवं चमत्कारी है। इस मन्त्र का १ लाख जप करके दशांश हवन करना चाहिये। भगवती दुर्गा की मूर्ति की विधिवत् पूजा करके मन्त्र दस हजार जपे। इससे शत्रु का उच्चाटन तथा विनाश होता है। रोगी दीर्घायु प्राप्त करता है तथा धन की वृद्धि होती है। उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित जल एवं भस्म पीने तथा लगाने से सन्तान की प्राप्ति होती है।

नवार्ण यन्त्र

नवार्ण मंत्र—ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चेः

यक्षिणी-भूतिनी साधना

यक्षिणी साधना

यक्षिणी आठ प्रकार की हैं—

१. सुरसुन्दरी यक्षिणी
२. मनोहारिणी यक्षिणी
३. कनकावती यक्षिणी
४. कामेश्वरी यक्षिणी
५. रतिप्रिया यक्षिणी
६. पद्मिनी यक्षिणी
७. महानटी यक्षिणी
८. अनुरागिनी यक्षिणी

कुछ लोग इन यक्षिणियों की भी साधना करते हैं। पर ये भार्या के रूप में अधिक सिद्धि देती देखी गई हैं। इसकी साधना वाले साधक की पत्नी जीवित नहीं रह सकती। अतः बड़ा सोच समक्षकर इनकी साधना करनी चाहिये।

१. सुरसुन्दरी यक्षिणी मन्त्र—**'ओं ह्लीं आगच्छ सुरसुन्दरी स्वाहा'।**

संकल्पपूर्वक किसी निर्मल स्थान में या मन्दिर में या एकान्त घर के कमरे में पूरे एक माह तक प्रतिदिन रात्रि में १००० जप किया जाता है। जप के समय गुग्गुल और धूप जलाना चाहिये। जप के अन्तिम दिन सुरसुन्दरी सुन्दर षोडषी युवती के रूप में प्रकट होती हैं। उस समय देवी को रक्त चंदन से अर्घ्य देना

चाहिये। प्रसन्न होकर देवी माता, भार्या, या बहन के रूप में साधक की इच्छा पूरी करती हैं।

२. रतिप्रिया यक्षिणी मन्त्र—**ओं ह्रीं आगच्छ रतिप्रिये स्वाहा। या ओं रति वल्लभे रतिप्रिये का मन्त्र बल्लभोः महादेवा महामाया काया कांचनम्।**

विधि—रक्तचन्दन की माला पर प्रतिदिन रात्रि के दस बजे चाँदनी रात में उत्तर भाद्रपद नक्षत्र में शुक्रवार से जप आरम्भ करना चाहिये। प्रतिदिन १००० बार जप करें अंतिम दिन देवी दर्शन देती है। जिस रूप में इसे सिद्ध किया जाएगा, उसी रूप में रहती है। रतिप्रिया यक्षिणी सुन्दर औरतों को लाकर साधक को देती है तथा सभी सुख भोग प्रदान करती हैं। बदले में इसकी स्त्री को ले लेती है।

३. कनकावती यक्षिणी मन्त्र—**ओं ह्रीं कनक क्लीं यक्षिणी नमः। अथवा ओं हूँ कुरू ठः ठः स्वाहा। ओं क्लीं फट् स्वाहा।**

उक्त दोनों मन्त्रों में से किसी एक का प्रति रात्रि १ बजे से जप करना चाहिये। प्रतिदिन सवा लाख बार जप करना एक माह तक करें। अन्तिम दिन दशाँश हवन खीर से देना चाहिये। यक्षिणी प्रसन्न होकर जातक को कनक, स्वर्ण, धन, वस्त्र देकर सदा प्रदान करती हैं।

४. राज्यप्रदा यक्षिणी मन्त्र—**ओं ऐं ह्रीं नमः।**

तुलसी के पौधे के समीप एक माह तक १००० बार लाल चन्दन की माला पर जपने से साधक को खोया हुआ राज्य सम्पत्ति

तथा नौकरी मिलती है।

अति प्राचीन यक्षिणी साधना के उन्नीस मन्त्र

तत्रादौ प्रथमो मन्त्रः

ओं वटवासिनी यक्षकुल प्रसूतिनी बटयक्षिणी ऐह्येहि स्वाहा॥ १॥ विधानमाह। त्रिपथस्य वटाधस्थः रात्रौमंत्रं जपेन्नरः। लक्षत्रयंततः सिद्धामहादेवी च यक्षिणी॥ १॥ वस्त्रालंकारणंदिव्यं रससिद्धिरसायनम्। दिव्यमञ्जन संतुष्टा साधकाय प्रयच्छति॥ २॥

भाषार्थ—अब यक्षिणी विधान कहा जाता है। प्रथम मन्त्र। ओं बटवासिनी यक्षकुल प्रसूतिनी वट यक्षिणी ऐं एह्येहि स्वाहा॥ १॥ मन्त्र विधान यथा। साधक को उचित है कि तिराहे में स्थित बट वृक्ष के नीचे स्थित होकर रात्रि समय इस मन्त्र का तीनलक्ष जाप करे तो सिद्धि को प्राप्त हुई महादेवी यक्षिणी साधक को प्रसन्नता पूर्वक वस्त्र अलंकार, दिव्य रस तथा रसायन और दिव्य अञ्जन अर्थात् दिव्य दृष्टि प्रदान करती है॥ २॥

द्वितीयोमन्त्रः

ओं ह्रीं मदन मेखलेयं स्वाहा। विधान यथा। मधुवृक्ष तले मन्त्री चतुर्दशदिनावधिः ग्रजेपन्मेखला तुष्टाददात्य-ञ्जनमुत्तमम्॥ ३॥

भाषार्थ—अथ दूसरा मन्त्र कहा जाता है। ओं ह्रीं मदन स्वाहा॥ २॥ विधान यथा। साधक को योग्य है कि के वृक्ष के

नीचे स्थित होकर १४ दिन तक इस मन्त्र का प्रतिदिन एक सहस्र जाप करे, तो मेखला नाम यक्षिणी प्रसन्न होकर साधक को उत्तमअंजन अर्थात् दिव्य दृष्टि प्रदान करेगी॥ ३॥

तृतीयो मन्त्रः

ओं विकले ऐं ह्रीं श्रीं क्लें स्वाहा॥ ३॥ विधान यथा। मामत्रयं जपेद्देविगृहावस्थस्तुसाधकः। ततः सिद्धिभवेद्दवि विकला वांछितप्रदा ॥ ४॥

भाषार्थ—अब विकला नाम यक्षिणी का साधन कहा जाता है। मन्त्र यथा। ओं विकले ऐं ह्रीं श्रीं क्लें स्वाहा॥ ३॥ विधान यथा। हे देवी! साधक को योग्य है कि स्वगृह में स्थित होकर तीन मास तक उक्त मन्त्र का प्रतिदिन एक सहस्र जाप करे तो विकला नाम यक्षिणी के प्रसाद से सिद्धि प्राप्त होवे और विकला वांछित फल प्रदान करे॥ ४॥

चतुर्थोमन्त्रः

लक्ष्मी साधनम्। मन्त्रो यथा। ओं ऐं लक्ष्मीं श्रीकमल धारि गोहंम स्वाहा॥ ४॥ विधान यथा। स्वगृहे सस्थितोरक्तः करवीर प्रसूनकैः। लक्षमावर्त्तयेन्मन्त्री मन्त्रंकृत्वा दशांशतः॥५॥ होमकृते भवेत्सिद्धिलक्ष्मीनाम्नी च यक्षिणी। तुष्टारसायन दिव्यं धन धान्यञ्चयच्छति॥ ६॥

भाषार्थ—इस चतुर्थ मन्त्र में लक्ष्मी नाम यक्षिणी का साधन मन्त्र कहा जाता है मन्त्र यथा। ओं ऐं लक्ष्मी श्री क़मलधरि गोहंस स्वाहा। विधान यथा। साधक स्वगृह में स्थित होकर उक्त मन्त्र

का एक लक्ष जप कर के रक्त कनेर के पुष्पों से दशांश हवन करे तो लक्ष्मी नाम यक्षिणी प्रसन्न होकर साधक को दिव्य रसायन तथा धनधान्य आदि पदार्थों के प्रदान करने में समर्थ होगी।

पंचमोमन्त्रः

ओं मानिनिएह्येहि सुन्दरि हंसैः मह ममसंगम स्वाहा॥ ५॥

विधान यथा। मप दलक्षं देवेशिस्वालयेप्रजपेन्मनुम्। हयारिकुसुमैः रक्तैः होमंमधुसमन्वितैः॥ १॥ मानिनि जायते सिद्धा दिव्यखड्गं प्रयच्छति। यत्प्रभावेन लोकेऽस्मिन खण्डं राज्य साप्नुयात्॥ २॥

भाषार्थ—अब मानिनी नाम यक्षिणी के साधन का मन्त्र कहा जाता है। मन्त्र यथा। ओं मानिनी यह्येहिसुन्दरिहंसैः सह मम संगमं स्वाहा। विधान यथा—हे देवेशि। साधक स्वगृह में स्थित होकर उक्त मन्त्र का सवालक्ष जाप करके अन्त में मधुयुक्त रक्तकनेर के पुष्पों से दशांश हवन करे तो मानिनी नाम यक्षिणी सिद्धि को प्राप्त होकर प्रसन्नता पूर्वक साधक को एक खड्ग प्रदान करती है कि जिस खड्ग के प्रताप से अखण्ड राज्य प्राप्त होय॥

षष्ठोमन्त्रः

मन्त्रो यथा। ओं द्रांशतपत्र के ह्रां ह्रीं श्रीं स्वाहा। विधानमाह शतपत्रबनस्थो वै लक्षसंख्यं जपेन्मनुम् होमेकृतेतुदेवेशि प्राप्नुयाद्रनिधितथा॥ १॥

भाषार्थ—पृथ्वीगत धनप्राप्ति मन्त्र कहा जाता है। मन्त्र यथा।

ओं द्रां शतपत्र के ह्रां ह्रीं श्रीं स्वाहा। इसका विधान कमलवन में स्थित होकर एकलक्ष मन्त्र का जापकर उक्त विधान पूर्वक दशांश हवन करे तो भूमिगत धन प्राप्त होय।

सप्तमोमन्त्रः

ओं व्ले सुलोचनेसिद्धि देहि स्वाहा। विधान यथा। नदीतीरोस्थितोलक्ष त्रयंमंत्रीजपेत्मनुम्। घृतहोमंदशांशेन कृत्वा देवी प्रसीदति॥ १ ॥ ददातिपादुका युग्मं शीघ्रमायातियाति च।

भाषार्थ—अब सुलोचना नाम यक्षिणी का मन्त्र कहा जाता है मन्त्र यथा। ओं व्ले सुलोचने सिद्धि देहि स्वाहा। विधान यथा साधक को योग्य है कि नदी के किनारे पर स्थित होकर एकलक्ष इस उक्त मन्त्र को जपकर घृत से दशाँश हवन करे तो सुलोचना नाम यक्षिणी प्रसन्न होकर पादुका युगल को वितरण करे कि जिसके भाव से दूरदेश से आगमनादि करने में समर्थ हो।

अष्टमोमन्त्रः

मन्त्र यथा। ओं शेकायल्लवाकार करतलेशोभने शीलः स्वाहा। विधान यथा। रक्तमाल्याम्बरधरोमन्त्री चतुर्दशदिनंजपेत्। ततः सिद्धाभवेद्देवि शोभना शुभदायिनि॥ १ ॥

भाषार्थ—अब शोभना देवी का मन्त्र कहा जाता है मन्त्र यथा। ओं शोकायल्लवाकार करतलेशोभनेशीलः स्वाहा। विधान यथा। साधक रक्त वस्त्र तथा रक्त माला को धारण कर १४ दिवस तक प्रतिदिन एक सहस्र उक्त मन्त्र का जाप करे तो शुभ पदार्थों

की देने वाली शोभना नाम यक्षिणी प्रसन्न होती है।

नवमोमन्त्रः

ओं कपालिनिद्रांद्रीं क्लीं व्लं हं सहः सकल ह्रीं फट् स्वाहा। विधान यथा। मह व्रत धरोमन्त्री कपालो दरभोजनः लक्ष दूयजपस्यान्ते कप ल लभते मनुः आकाश गमनहर श्रवणं रूपदर्शनम्॥

भाषार्थ—मन्त्र यथा। ओं क्पालिनी द्रांद्रीं क्लीं व्लं हंसः सकल ह्रीं फट् स्वाहा। विधि यथा। साधक कपाल में भोजन रख कर महाव्रत को धारण कर रक्त मन्त्र का दो लक्ष जाप करे। पुनः जप के अन्त में साधक एक कपाल को प्राप्त होगा कि जिससे वह आकाश गमन को हरण करने और देवांगनाओं के रूप दर्शन करने में समर्थ होगा।

दशमोमन्त्रः

ओं वस्येलनी बिलासिनी मे प्रियामे भवभव स्वाहा। विधान यथा। मरस्तीरे जपेदर्द्धलक्ष मत्रन्तु साधकः घृताक्त गुग्गुलेर्होम देवी सौभाग्य दायिनी॥ १॥

भाषार्थ—अब दशवां मन्त्र कहा जाता है मन्त्र यथा। ओं बस्येलनी विलासनी प्रियामे भव भव स्वाहा। विधान यथा। मनोहर सरोवर के तट पर स्थित होकर पचास हजार उक्त मन्त्र का जाप कर अन्त में घृत तथा गुग्गुलू से दशांश हवन करे तो सौभाग्य को देने वाली यक्षिणी प्रसन्न होय।

एकादशोमंत्रः

तत्रादौ मन्त्रः। ओं ह्रां ओं ह्रीं नटी महा नटी स्वाहा रूपवती स्वाहा। विधान यथा। नृन्यासं भूतले कृत्वा चन्दनेन सुमण्डलं कृत्वादेवीं समभ्यर्च्यधूपं दत्वासहस्रके। मन्त्र मावर्तयेन्मास नक्तभोजीनरस्तथा। रात्रौपूजां शुभांकृत्वा जपेन्मन्त्रं निशार्द्धके॥ २॥ नटी देवी समागत्य साधकायस्व यन्तथा ददाति दिव्यान्भोगां श्चशुीसत्यन्नसशयः॥ ३॥

भाषार्थ—नटी देवी के साधन का मन्त्र यथा। ओं ह्रां ओं ह्रीं नटी महानटी स्वाहा रूपवती स्वाहा। विधान यथा। साधक को उचित है कि भूमि में एक पुरुषाकार बनाकर चदन के मण्डल से युक्तकरदेय पुनः कृत्वा देवी को सुगन्ध पुष्पादिकों से पूजनकर एक मास तक प्रतिदिन एक सहस्र मन्त्र का जाप करे; परन्तु भोजन एक समय ही करना योग्य है, शुभ पूजा अर्द्ध रात्रि के समय करनी योग्य है। तत्पश्चात् नटी देवी आकर स्वयं साधक को दिव्य भोग देगी। हेशुभे! मैं तुमसे सत्य कहता हूँ इस विषय में किसी प्रकार का सन्देह नहीं है।

द्वादशोमन्त्रः

ओं ह्रीं श्रीं गच्छ आगच्छ कामेश्वरी स्वाहा। विधान यथा। एकान्ते च शुचौ देशे त्रिसन्ध्यं त्रिसहस्रकं मासमेकं जपेन्मन्त्रं होमंत्रस्य समाचरेत्॥ १॥ पुष्पधूपैस्तु नैवेद्यैः प्रदीपैर्घृतपूरितैः रात्रा वभ्यर्च्यतां मन्त्री जपेन्मन्त्र प्रसन्नधीः॥ २॥ अर्द्ध रात्रौ गतेदेवी मग गत्य प्रयच्छति। रसं रसायनं दिव्यं

वस्त्रालंकारणानि च॥ ३॥

भाषार्थ—कामेश्वरी यक्षिणी का सिद्धि विधान कहा जाता है। मन्त्र यथा। ओं ह्रीं श्री गच्छ आगच्छ कामेश्वरी स्वाहा। विधान यथा। एकान्त शुभ स्थान में स्थित होकर एक मास तक त्रिसंध्या में त्रिसहस्र मन्त्र का जाप करके अन्त में दशांश हवन करे। परन्तु पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य, घृत पूरित दीप इत्यादिकों से प्रति रात्रि समय में देवी का प्रसन्नता पूर्वक पूजन करता रहे। हेदेवि। अर्द्धरात्रि के समय कामेश्वरी देवी स्वयं आनकर साधक को दिव्यरस, तथा रसायन, वस्त्र, आदि प्रदान करेगी।

त्रयोदशोमंत्रः

मन्त्र यथा। ओं वज्रास्याव्यले स्वर्णरेखा स्वाहा। विधान यथा। एक लिंग समभ्यर्च्य षडंगे नाभि भावितम्। सर्वसाध्यं समारभ्य मन्त्रवैतद्दिन जपेत्॥ १॥ स्नात्वोमन्त्र सहस्रञ्च तदन्तै निशि भोजनम्। जपेन्मन्त्रं पुनर्भन्त्रो निशार्द्धेमाययच्छति॥ २॥ वस्त्रालङ्कार भोग्यानिदेविसत्यन्नसंशय।

भाषार्थ—त्रयोदशमंत्र कहा जाता है। मन्त्र यथा। ओं वज्र रस्याव्ले स्वर्णरेखा स्वाहा। विधान यथा! षडंग से अभिमन्त्रित कर एक लिंग को कल्पना कर उक्तविधान पूर्वक पूजन कर स्वकार्य को प्रारम्भ कर मन्त्र कर जाप करें पुनः स्नान कर रात्रि के समय प्रतिदिवस एक मास तक उक्त मन्त्र का जाप कर भोजन करे तत्पश्चात् फिर अर्द्धरात्रि के समय मन्त्र का जाप करे तो यक्षिणी देवी प्रसन्न होकर साधक को स्वयं वस्त्राभूषण आदि

पदार्थ प्रदान करेगी।

चतुर्दशोमंत्रः

ओं आगच्छ आगच्छ सुर सुन्दरि स्वाहा। विधान यथा। सहस्रमेकं देवेशि माममेकं यथा निशायां प्रजपेन्मंत्रमेकं भोजीनरोत्तमः ॥ १ ॥ गुग्गुल घृतधूपैश्च पुष्प चन्दन मोदकैः। देवीं सम्पूजयहामञ्चकुर्याद्देवीप्रसीदति ॥ २ ॥ पुनरागत्यमायक्षी ददाति मन्त्रिणेवरम्। सोख्यलभस्वहेवत्स वाछितं भुविदुर्लभम् ॥ ३ ॥

भाषार्थ—सुरसुन्दरी के साधन का विधान। मन्त्र यथा— ओं आगच्छ आगच्छ सुरसुन्दरी स्वाहा। विधान यथा। हे देवी। एक भोजी साधक एक मास तक प्रतिरात्रि में एक सहस्र मन्त्र का जाप कर, धूप, दीप, नैवेद्य, गंध, पुष्पादिकों से देवी का पूजनकर मोदकों से दशांश हवन करे तो सुरसुन्दरी देवी प्रसन्न होकर स्वयं आगमन कर साधक को यथोचित वर प्रदानकर मधुर वाणी से वर्षा करती हुई बोलेगी कि हे वत्स मुनि दुर्लभ वर को प्राप्त हो।

पंचदशोमन्त्रः

ओं ह्रीं आगच्छ आगच्छ कनकवती स्वाहा विधानयथा। दिन दिन हस्त्रैक यावत्मत्पदिनंभवेत्। अथागत्यददात्यस्मै माध कायाञ्जन शुभम् ॥ १ ॥ यस्यप्रभावात्पश्येच्चसाधकोऽमर-वृन्दकम् ॥ २ ॥

भाषार्थ—कनकवती का विधान मन्त्र यथा। ओं ह्रीं आगच्छ आगच्छ कनकवती स्वाहा विधान यथा। साधक को योग्य है सात

दिन तक प्रतिदिन एक २ हजार मन्त्र का जाप करे तो कनकवती देवी प्रसन्नता पूर्वक स्वयं आनकर साधक को उत्तमांजन प्रदान करेंगी कि जिसके प्रताप से साधक अमरगण के अवलोकन करने में समर्थ होगा।

षोडशो मंत्रः

मन्त्र यथा। ओं रतिप्रिये स्वाहा। विधान यथा। पञ्चत्रिशद्दिन यावत् देवींसपूजयेन्नरः। दिने दिनप्रकर्तव्यं सहस्रन्तुजपप्रिये॥ १॥ गन्धपुष्पो चारैस्तु शर्करामधुमिश्रितैः। तद्दशांशेनहोमञ्च कर्यंतु घृततण्डुलः॥ २॥ अर्द्धरात्रौ समागत्य ददातिसाधकेऽप्सितम्। तुष्टास्मिसौम्यभद्रते सत्यं सत्यन्नसशयः॥ ३॥

भाषार्थ—मन्त्रयथा ओं रति प्रिये स्वाहा। विधानयथा साधक को योग्य है कि स्वगृह में स्थित होकर ३५ दिन तक प्रति दिवस में एक सहस्र मन्त्र जापकर गन्ध पुष्पादि उपचारों से देवी जी का पूजनकर अन्त में शर्करा, सहित घृत तण्डुल इन से देवी जी प्रीति के अर्थ दशांश हवन करे तो अर्द्ध रात्रि के समय देवी जी स्वयं आकर वर प्रदान पूर्वक कहेंगी कि हे भद्र मैं तुझ से प्रसन्न हूँ किसी प्रकार का सन्देह नहीं इसको सत्य समझना।

सप्तदशोमंत्रः

मन्त्रयथा। ओं वीणीवीणीपिशाचिनीस्वाहा। विधानयथा। गन्धपुष्पोपचारैस्तु देवींसम्पूज्ययत्नतः चत्वारिंशद्दिनयावत् प्रतिरात्रसहस्रकम्॥ १॥ मंत्र मुच्चार्यदेवेशि बलिपूर्वजपेदिदम्।

शर्करामधुमिश्रेण घृतेनगुरूणातथ॥ २॥ होमंकुर्याद्दशांशेन यक्षोसायातिसन्मुखे वरलभस्वभद्रंते सिद्धिर्जाति-ऽप्सितातव॥ ३॥

भाषार्थ—मन्त्रयथा। ओं वीणी वीणी पिशाचिनी स्वाहा। विधानयथा। गन्ध पुष्प आदि उपचारों से यत्नपूर्वक देवी जी का पूजन कर ४० दिवस तक प्रतिदिवस एक एक सहस्र जाप करे और बलिदान भी मंत्रोच्चारण पूर्वक करता रहे। तत्पश्चात् शर्करा, मधु, घृत, अगर, इन सब वस्तुओं को एकत्रित कर दशांश से हवन करे तो वह यक्षी सन्मुख आकर कहेंगी कि तेरे भद्रहो वरको ग्रहण कर क्योंकि तेरे मन्त्र की सिद्धि हो गई।

अष्टादशोमंत्रः

कर्ण पिशाचिनी मन्त्रः।

तत्र मंत्रः। ओं वः वः कम्वली के गन्द पिण्ड पिशाचिके स्वाहा। विधान यथा। एकविशद्दिनयावदुदयास्त मनुंजपेत्। त्रिशत्प्रहर मात्रेण तुष्टा सिद्धिप्रयच्छति॥ १॥ सिद्धिः। यत्किञ्चित्प्रच्छयते देवि साधकेन प्रयोजनम्। समागत्य प्रवक्तीति सर्व वै जगदिस्थितम्॥ २॥ ततः सः माधकः सर्व ब्रूते लोकस्यहेतवे। जायन्ते चात्र लोकस्थाः मंगलोत्कण्ठ मण्डिताः॥ ३॥

भाषार्थ—अब कर्ण पिशाचिनी का मन्त्र कहा जाता है। तत्र मंत्रः। ओं वः वः कम्बली के गन्दपिण्ड पिशाचिके स्वाहा। विधान यथा २१ दिन तक नित्यप्रति सूर्य के उदयास्त समय उक्त मन्त्र का

एक सहस्र जाप करे। तो यक्षिणी पिशाची तीन प्रहर मात्र में ही साधक को सिद्धि प्रदान कर देती है। सिद्धि। हे देवि! साधक जिस किसी प्रयोजन को जानने की इच्छा करता है तत्क्षण में ही कर्ण पिशाचिनी आनकर सम्पूर्ण सांसारिक वृत्तान्त को साधक के कर्ण गोचर कर देती है। ततः (तिसकारण) वह साधक ज्ञात वृतांत को लोक हित को संसार में प्रकाश करता है। अतः [इस कारण] लोक में रहने वाले मनुष्य प्रतिक्षण [हरसमय] मंगल कार्यों में उत्कण्ठित रहते हैं।

एकोनविंशो मंत्रः

ओं ह्रीं रक्त चामुण्डे तुरू तुरू अमुकं मेवशमानय स्वाहा। विधान यथा। होमयेत्कटुतैलेनरक्तचदन राजिकैः। सहस्त्रा-हुतिमात्रण राजानंवशमानयेत्॥ १॥

भाषार्थ—मन्त्रयथा। ओं ह्रीं रक्त चामुण्डे तुरू तुरू अमुक मे वशमानय स्वाहा। विधान यथा। कटु तैल, लाल चन्दन, राई इन सब वस्तुओं को एकत्रित कर एक सहस्र आहुति मात्र ही प्रदान करे। तो राजा वश्य भाव को प्राप्त होय।

किन्नरी साधना मन्त्र

१. ओं सुरतप्रिये स्वाहा—इसका जप प्रति रात्रि ८००० बार एकान्त कमरे में करना चाहिये। गुग्गुल जप करते समय जलाना चाहिये तथा अपने पास सदा इत्र रखना चाहिये। देवी प्रसन्न होकर पत्नी के रूप में साधक को आकर स्वर्णमुद्रा प्रदान करती है। परन्तु साधक की पत्नी को जीवित नहीं छोड़ती है।

२. ओं विशाल नेत्रे स्वाहा—इसका जप दस हजार बार करने से देवी सिद्ध हो जाती है। यह यक्षिणी साधकों को भौतिक सुख प्रदान करती है।

३. ओं सुभगे स्वाहा—इसका जप भी दस हजार बार करना चाहिये। सौभाग्य प्रदायक यह देवी साधक को प्रसन्न होकर धन, अन्न, प्रदान करती है।

योगिनी साधना

यह साधना भी बड़ी रहस्यपूर्ण और गोपनीय है। सुर-सुन्दरी, मनोहरा, कामेश्वरी, कनकावती, रतिसुन्दरी, पद्मिनी, नटिनी, अनुरागिनी आदि अनेक योगिनियाँ हैं। इसकी साधना करने पर भी ये माता, बहन या भार्या के रूप में सिद्ध होकर साधक की इच्छा पूरी करती है। माता के रूप में साधना करने पर देवी साधक को अनेक प्रकार का मनोहर द्रव्य व सुख सुविधा देती है। आजीवन पुत्र की तरह साधक को पालती हैं। बहन के रूप में विभन्न प्रकार का वस्त्र और द्रव्य प्रदान करती हैं तथा दिव्य कन्या देती है। भाई की तरह व्यवहार करती हैं। तथा भार्या के रूप में हर प्रकार के सुखों को प्रदान करती हैं। परन्तु अपनी भार्या सहित अन्य औरतों की तरफ आसक्ति नहीं रखनी पड़ेगी अगर यह नहीं होगा तो देवी साधक का संहार कर देती है।

१. ओं हं आगच्छ पद्मिनी स्वाहा—एक मास तक प्रतिदिन १००० बार जप, लाल चन्दन या रूद्राक्ष की माला पर रात्रि में करें। जप पूर्णिमा को समाप्त करें।

२. ओं ह्रीं आगच्छ सुरसुन्दरी स्वाहा—प्रति रात्रि एक माह तक १,००० बार जप करें। पूर्णिमा को जप समाप्त करें। दशांश हवन करें। देवी प्रकट होती है पूर्णिमा को उन्हें फूल और चन्दन से अर्घ्य दें। देवी प्रसन्न होकर साधक की माता, बहन या भार्या के रूप में साधक का कार्य सिद्ध करती है।

३. ओं ह्रीं आगच्छ मनोहरे स्वाहा—इसका भी जप प्रति रात्रि १,००० बार कुंकुम की माला पर अर्धरात्रि में करें। पूर्णिमा को जप समाप्त करें। अन्तिम दिन देवी दर्शन देती है। साधक को उस समय देवी को पुष्प, इत्र, चन्दन एवं लाल फूल से अर्घ्य देना चाहिये। देवी माता, बहन या भार्या के रूप में होकर कार्य करती है। इस योगिनी की सिद्धि हो जाने पर साधक को जहाँ भी चाहं भ्रमण करने की शक्ति प्राप्त हो जाती है।

भूतिनी साधना

यह भी छोटी-छोटी साधनाओं के अन्तर्गत आता है। मैं बहुत पहले कह चुका हूँ कि साहसी, निर्भय, स्वस्थ व्यक्ति को ही साधना में रत होना चाहिये। अन्यथा भयभीत साधक को साधना कहीं का नहीं रहने देती। वह पागल सा इधर-उधर घूमता रहता है। अतः साधना उसी को करना श्रेयस्कर होगी जो निर्भय रहने वाले हों। वैसे साधना में, क्रिया में वास्तव में भय होता नहीं, अपितु भय दिखाई पड़ता है और लगता है कि वह सच्चा है। परन्तु वह बिल्कुल झूठा होता है। साधक की इच्छाशक्ति एवं संकल्पशक्ति की परीक्षा का वह एक तरीका है। भूतिनी का आठ

प्रकार का रूप होता है—१. कुंडलधारिणी, २. सिन्दूरिणी, ३. हारिणी, ४. नटी, ५. महानटी, ६. चेटिका, ७. कामेश्वरी, ८. कुमारिका। साधक की इच्छा के अनुसार माता, बहन या भार्या के रूप में सिद्ध होकर इच्छा पूर्ति करती हैं।

भूतिनी-साधना मन्त्र—ओं हों क्रूं क्रूं कटु कटु ओं अमुकं (भूतिनी का नाम **क्रूं क्रूं ओं अः**)।

लगातार तीन रात्रि तक धूप और गुग्गुल देकर जप करना पड़ता है। आधी रात में भूतिनी आती है। उस समय उसे चन्दन और पानी से अर्घ्य देना चाहिये। तब ये माता के रूप में साधक को आठ सौ कपड़े, आभूषण और नाना प्रकार की खाद्य सामग्रियाँ देती है। बहन के रूप में सुन्दर कामिनी लाकर देती है। भार्या के रूप में प्रतिदिन हजार स्वर्ण मुद्रायें देती हैं पर उसे खर्च करना पड़ता है और भूतिनी पत्नी की भांति साधक के पास आजीवन रहती है। पत्नी अपनी हो तो छोड़ देनी होती है। अगर इस शर्त का पालन साधक नहीं करता है तो वह उसका सर्वनाश कर देती है। इसकी साधना घर में नहीं की जाती है। कुंडलवती भूतिनी की की साधना रात को श्मशान जाकर आठ हजार बार जप करके की जाती है। इसे रक्त से अर्घ्य देना होता है। सिन्दूरिणी भूतिनी की साधना शून्य देवालय में आधी रात को बैठकर आठ हजार बार मन्त्र का जप करके की जाती है। हारिणी भूतिनी की साधना किसी शिव मन्दिर में शिवलिंग के पास बैठकर रात्रि में ८,००० बार मन्त्र जप किया जाता है। गृहस्थ साधक को ऐसी साधनाएँ उचित नहीं है।

विभिन्न प्रभावशाली मन्त्र

भूत निवारण मन्त्र

_मन्त्र_—ओं नमः काली कपाली दहि दहि स्वाहा।

तेल को १०८ बार उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित करके रोगी के शरीर में लगावे। अगर भूत लगा होगा तो वह चिल्लाता हुआ भागेगा। रविवार या मंगलवार को यह कार्य करें।

दक्षिणा काली मन्त्र

_मन्त्र—क्रीं_ क्रीं क्रीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं दक्षिण कालिके क्रीं क्रीं क्रीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं स्वाहा।

यह २२ अक्षर का मन्त्र है।

दक्षिणा काली ध्यान मन्त्र—

करालवदनं छटां मुक्तकेशीं चतुर्भुजां,
कालिकां दक्षिणां दिव्यां मुण्डमाला विभूषितां।
सद्यः छिन्न शिरः खण्ड वामोधोर्ध्व कराम्बुजां,
अभयं वरदं चैव दक्षिणाधोर्ध्व पाणिकाम्।
महामेघप्रभां श्यामां तथा चैव दिगम्बरां,
कण्ठावसक्त मुण्डाली गलद् रूधिर चर्चिताम॥

उक्त मन्त्र का जप कृष्ण पक्ष की अमावस्या की रात्रि से

प्रतिदिन समान मात्रा में जप करके अगले माह की अमावस्या की रात्रि को एक लक्ष पूरा करें। दशांश तिल से हवन करना चाहिये। इस बीज ब्रह्मचर्य से रहकर सभी नियमों का पालन करते हुए रहना चाहिये। साधना अवधि में दूसरे का दिया अन्न नहीं खाना खाना चाहिये तथा असत्य वाचन नहीं करना चाहिये। ताम्बूल चर्बल करते हुए भी जप किया जा सकता है। भगवती काली साधक को इस बीच साधना से हटाने के लिये बहुत भय दिखाती हैं। अगर साधक भयभीत नहीं हुआ तो दिव्य स्त्री के रूप में साक्षात् प्रकट होकर काली सिद्ध हो जाती है। तब साधक अपनी अंगुली के रक्त का काली को अर्घ्य देता है। काली प्रसन्न होकर उसे उसके साथ रहने का आशीर्वाद देती है तथा उसके हरेक प्रश्न का उत्तर देवी देती हैं। शत्रु मारण एवं उच्चाटन के लिये उग्र काली एक शाश्वत अस्त्र है। पर इसका दुरूपयोग नहीं करना चाहिये।

कामाक्षा देवी का मन्त्र

***मन्त्र*—क्षां अं अं वषट् ठः ठः।**

१ लाख जप से सिद्धि मिलती है।

होनहार को जानने का मन्त्र

***मन्त्र*—ओं नमो मणिभद्राय चेटकाय सर्वार्थसिद्धिकरण मम स्वप्ने दर्शनाय कुरू कुरू स्वाहा।**

लाल कनेर का फूल लेकर १०८ बार मन्त्र पढ़कर सिरहाने

रखकर सो जावें। ३ या ६ दिन में होनहार की बात स्वप्न में ज्ञात होती है। इच्छित बात जानने के लिये ऐसा किया जाता है।

विपत्ति निस्तारण तन्त्र

अगहन माह की पूर्णिमा को चिरचिटा की जड़ को उखाड़कर अपनी दाहिनी भुजा में धारण करने से सभी विपत्तियों से छुटकारा मिलता है।

देवांगना प्राप्ति का मन्त्र

***मन्त्र*—ओं ह्लीं नमः।**

विधि—लाल वस्त्र पहनकर कुंकुम की माला से कुंकुम की रंगीन माला धारण करके एक सप्ताह प्रतिदिन ५ हजार बार मन्त्र जप करें। अभिलाषित स्त्री यहाँ तक कि देवांगनाओं की भी प्राप्ति होती है।

रात्रि में देवी से बात करने का मन्त्र

***मन्त्र*—ओं ह्लीं मं सः भोगवती कर्ण पिशाचनी प्रचण्ड वेगनीं स्वाहा।**

दस हजार की संख्या में जप कर लेना चाहिये। प्रयोग के समय मिट्टी गोबर से भूमि की शुद्धि करके कुश बिछा करके शिवजी का विधिवत् पूजन करे और नैवेद्य चढ़ाकर हाथ में कमल का सूत्र बाँधे। फिर रात्रि में मन्त्र का जप करे देवी रात्रि में साधक के पास आती हैं और साधक से बात करती हैं।

शत्रुओं में परस्पर विरोध तथा चित्त भ्रम करने का मन्त्र

मन्त्र—**ओं नमोटकि प्रमोट गौरी अमुकस्या अमुकस्य अरूर कुरू-कुरू स्वाहा।**

१० हजार बार जपने से मन्त्र सिद्ध हो जाता है। मन में अमुकस्या अमुकस्या के स्थान पर दो शत्रुओं का नाम रख लें। अब अकवन के फूल को हाथ में लेकर १०८ बार मन्त्र जप करने से शत्रुओं में परस्पर विरोध तथा चित्त भ्रम होता है।

शत्रु बुद्धिनाशक मन्त्र

मन्त्र—**ओं नमो भगवते विश्वामित्राय नमः सर्व मुखीभ्यां विश्वामित्रा क्षामति आगच्छ स्वाहा।**

यह मन्त्र १०,००८ बार जपने से सिद्ध हो जाता है। जिस शत्रु का नाम लेकर १०८ बार मन्त्रोच्चारण करते हुए तर्पण किया जायेगा उसकी बुद्धि नष्ट हो जाती है।

सर्व कार्य साधन मन्त्र

मन्त्र—**ओं नमः सर्वार्थ साधनो स्वाहा।**

यह मन्त्र १० हजार बार जपने से सिद्ध हो जाता है। किसी भी नया कार्य आरम्भ करने के पूर्व इस मन्त्र का १०८ बार जप कर लेना चाहिये।

आर्द्रपटी साधन

यह शत्रु करण के लिये श्रेष्ठ है।

विनियोग—**ओं अस्य श्री आर्द्रपटी महाविद्या मन्त्रस्य दुर्वासा ऋषिः गायत्री छन्दः हुं बीजं स्वाहा शक्तिः मम् अमुक शत्रु निग्रहार्थ जपे विनियोगः।**

उक्त मन्त्र का हाथ में जल लेकर पढ़ें और पृथ्वी पर छोड़ दे।

मन्त्र—**ओं नमो भगवती आर्द्रपटेश्वरी हरितनी लपटे कालि आर्द्र जिह्वे चाण्डालिनी रूद्राणी कपालिनी ज्वालामुखी सप्तजिह्वे सहस्त्र नयने एहि एहि अमुकं ते पथं ददामि अमुकस्य जीवं निकृन्तय एहि जीविता पहारिणी हुं फट् भूर्भुवः स्वः फट् रूधिरार्द्र व शाखादिनी मम् शत्रुन्`` छेदय छेदय शोणितं पिब पिब हुं फट् स्वाहा।**

एक मास तक इस मन्त्र का जप करने से शत्रु की मृत्यु हो जपती है। मम् शत्रुन् शब्द के बाद शत्रु का नाम कहना चाहिये। अकारण किसी पर प्रयोग नहीं करना चाहिये। अपने शरीर पर अगर मारण की स्थिति आवे तब उस समय शत्रु पर प्रयोग करें।

अघोर गौरी मन्त्र

यह विवाहकारक मुसलमानी मन्त्र है।

मन्त्र—

मखनो हाथी जर्द अम्बारी
उस पर बैठे कमाल खाँ की सवारी
कमाल खाँ कमाल खाँ मुगल पठान
बैठे चबूतरे पढ़ें कुरान

हजार काम दुनिया का करे
एक काम मेरा करे, ना करे तो
तीन लाख तैंतीस हजार पैगम्बरों की दुहाई।

इसे विवाह मन्त्र भी कहा जाता है। जिस स्त्री की शादी नहीं हो पा रही हो उसे यह प्रयोग स्वयं करना चाहिये। लगातार ११ दिन तक ११५ माला या ११ माला पश्चिम तरफ मुख करके लाल सूती आसन पर बैठकर एकान्त स्थान से गुग्गुल या अगरबत्ती जलाकर स्त्री को स्वयं जप करना चाहिये। इस जप के ११ दिन के अन्दर ही उसकी शादी निश्चित हो जाएगी।

इसका प्रयोग मैंने एक बिहार प्रान्त के रांची जिले की स्त्री से करवाया था। उसकी अवस्था ३० वर्ष की हो गई थी। बहुत सुन्दर थी फिर भी शादी उसकी हट जाती थी। इस प्रयोग को करने पर उसकी शादी शीघ्र हो गयी। अतः यह सिद्ध मन्त्र है। 'कन्या की शादी शीघ्र कैसे करें' इस नाम से मेरी एक अन्य पुस्तक भी छपी है। मंगवाकर लाभ उठायें।

आकर्षण मन्त्र

***मन्त्र*—ओं क्षां क्षां क्षां हां हां हां हें हें स्वाहा।**

एक हजार जप करने से वस्तु और मनुष्य का आकर्षण हो जाता है। जितना अधिक जप किया जायेगा सिद्धि उतनी स्थायी होगी।

पुत्रदाता मन्त्र

जिस स्त्री के पुत्र या पुत्री कोई सन्तान नहीं होती हो या

केवल पुत्रियाँ होती हैं उनके लिये यह मन्त्र रामबाण के समान सिद्धिदायक है। अगर पुरुष एवं पत्नी की कामक्रिया व रक्त ठीक है तो इसका प्रयोग करने पर अवश्य पुत्र लाभ होगा। शुद्ध उच्चारण करने वाले अनुभवी ब्राह्मण से यह पूजा कराना चाहिये अथवा अपने करने को शक्ति हो तो भी कर सकते हैं। इस मन्त्र का प्रयोग हमने अनेक लोगों से कराया है और सभी लाभान्वित हुए हैं। सर्वप्रथम किसी शुभ माह, पक्ष, तिथि बार को स्नान करने के बाद हाथ में अक्षत, पैसा रोली लेकर निम्न संकल्प करना चाहिये।

ओं अद्य अमुक नाम संवत्सरे अमुक मासे अमुक पक्षे अमुक तिथौ अमुक वासरे अमुक नाम शर्मा, वर्मा, अहम् मम् पुत्र सन्तति अतिशीघ्र प्राप्यर्थ देवकी सुतगोविन्द वासुदेव जगत्पते:। देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणमगत:। इत्य मन्त्रस्य लक्षयुतं जपम् अद्यत: यावत् एक मास पर्यन्तं करष्ये।

३,५०० बार मन्त्र प्रतिदिन जपना चाहिये। नया वस्त्र धारण करके जपना चाहिये। इसका दशांश हवन अरवा चावल एवं घी से करना चाहिये। जीवत्पुत्रिका की माला पर या रूद्राक्ष की माला पर यह जप करना चाहिये। पुत्र इच्छित स्त्री को चाहिये कि प्रयोग के पूर्व बालरूप कृष्ण का छोटा फोटो अपने घर में रखकर नित्य पूजा जप कर दस-पन्द्रह मिनट उस फोटो पर दृष्टि जमावें तथा कृष्ण का ध्यान करें। हो सके तो बांयें हाथ की प्रथम अंगुली में स्त्री तथा दाहिने हाथ की प्रथम अंगुली में पुरुष पुखराज या टोपाज ५ रत्ती की सोना या त्रिधातु की अंगूठी में बनवाकर

गुरूवार को धारण करें।

यह प्रयोग कराया गया परीक्षित है। अवश्य पुत्र लाभ होगा। मन्त्र-तन्त्र सिद्धि में विश्वास आवश्यक है।

स्त्री वशीकरण मन्त्र

***मन्त्र*—ओं नमो भगवते रूद्राय ओं चामुण्डे अमुकीं (स्त्री का नाम) मे वशमानय स्वाहा।**

नित्य रात्रि में एक हजार बार जपने से मन्त्र सिद्ध होता है। साथ ही कुपित स्त्री भी आकर्षित हो जाती है।

वशीकरण प्रयोग नर-नारी

विधि—एक कछुए की पीठ की हड्डी लावें। उसे रात्रि में एकान्त स्थान पर पीपल के पेड़ के नीचे चार लोहे की कील गाढ़कर कछुए की पीठ को उस पर रखें तथा शुद्ध दुग्ध एवं थोड़ा अरवा चावल उसमें डालकर खीर पकावें। पकाते समय पीपल के पेड़ से कोई भय की बात होने पर डरना नहीं चाहिए। खीर पक जाने पर उस खीर को अपने पास रख लें। उसका दो-चार दाना जिस किसी भी व्यक्ति स्त्री या राज्याधिकारी को खिला दिया जायेगा वह उसके वश में हो जायेगा। फिर उससे आप जो चाहें अपना मनचाहा काम करा सकते हैं। खीर पकाने का काम रविवार, शनिवार या मंगलवार को ही करना चाहिए। अगर व्यक्ति या स्त्री के कपड़े में उस खीर का दाना सटा दिया जायेगा तो भी वह व्यक्ति नारी वश में हो जायेगा। यह प्रयोग किया हुआ तथा कराया हुआ सिद्ध तान्त्रिक प्रयोग है।

स्त्री वशीकरण मन्त्र

***मन्त्र*—ओं नमो देव आदिरूपाय अमुकस्य आकर्षण कुरू-कुरू स्वाहा।**

उक्त मन्त्र को १० हजार बार जप कर सिद्ध कर लें। काले धतूरे का रस गोरोचन में मिलाकर सफेद कनेर की लेखिनी से भोजपत्र पर नाम सहित मन्त्र लिखें तथा खैर की अग्नि में उस यन्त्र को तपावें तो सौ योजन तक का आकर्षण होता है।

मोहन मन्त्र

***मन्त्र*—ओं नमः भगवतु कामदेवं यस्य यस्य हृदयं भवामि यश्च यश्च मम मुखं पश्यति तं तं मोहमययुतु स्वाहा।**

मन्त्र को १० हजार बार जप कर सिद्ध कर लें।

विधि—बिल्वपत्र छाया में सुखाकर दूध में पीसकर २१ बार उक्त मन्त्र पढ़कर तिलक लगाकर जिसके सम्मुख जायेगा वह क्षण भर में तन मन से मोहित होगा।

वशीकरण मन्त्र

१. ओं नमः फट् विकट घोर रमिणी स्वाहा।

किसी भी सूर्य या चन्द्रग्रहण के दिन १ हजार बार मन्त्र जप कर सिद्ध कर लें। फिर रविवार को यह मन्त्र पढ़े। जिसके नाम से ग्रास अन्न भोजन करेगा वह निश्चित वशीभूत होगा।

२. ओं सुदर्शनाय हूं फूट् स्वाहा।

उक्त मन्त्र को एक लाख बार जप कर सिद्ध कर लें। हस्त

नक्षत्र में बबूल की जड़ लाकर तीन बार मन्त्र पढ़कर दाहिनी बांह में बाँधें तो राजसम्मान पावें तथा वह कहीं विवादग्रस्त न होंगे।

३. ओं द्रविणी स्वाहा ओं हामिले स्वाहा।

रविवार के दिन चिरचिटा की जड़ की कील सात अंगुल की बनाकर सात बार उस पर उक्त मन्त्र को पढ़कर जिस वेश्या के घर में डाल दें वह वश में हो जाएगी।

४. गोरोचन यानि रक्त और कदली रस एक साथ मिलाकर उसका तिलक कर जो स्त्री अपने पति के पास जायेगी तो उसका पति जीवन भर दास के समान रहेगा।

५. जो नारी अपने बांये पैर का जूता या पायजेब के बराबर आटा तोलकर मंगलवार या रविवार को चार रोटियाँ अपने पति को खिलावें वह पति वश में हो जाता है।

स्त्री का स्तन जाता रहे

शनिवार को लाजवन्ती को न्यौत आवें। रविवार को उसे लाकर अपने हाथ में मलकर नारी को दिखाकर मुट्ठी बाँधें तो उसका स्तन गायब हो जाये और खोलें तो फिर आ जाये।

शत्रु मोहित मन्त्र

भोजपत्र पर रक्त चन्दन द्वारा शत्रु का नाम रविवार के दिन लिखें और मधु में डुबो दें तो शत्रु मोहित रहता है।

मारण मन्त्र

ओं नमो काल रूपाय अमुकं भस्मी कुरू कुरू स्वाहा।

प्रथम १५,००० बार जप कर सिद्ध कर लें। फिर भांग, नमक, चूरण दीप शिखा पर एक सौ नौ बार मन्त्र पढ़कर जलावें तो शत्रु मृत्यु मुख में जावेंगे।

पाठक इसका गलत प्रयोग कभी न करे नहीं तो इसका प्रभाव साधक पर बुरा ही पड़ता है।

रम्भा अप्सरा मन्त्र

ओं सः रम्भे आगच्छागच्छ स्वाहा।

उर्वशी अप्सरा मन्त्र

ओं श्रीं उर्वशी आगच्छागच्छ स्वाहा।

कुमारी यक्षिणी मन्त्र

ओं नमो हटेले कुमारी स्वाहा।

कामेश्वरी यक्षिणी मन्त्र

ओं आगच्छ कामेश्वरी स्वाहा।

कामदेव बीज मन्त्र

क्लीं कामदेवाय नमः।

मन्त्र सिद्धि उपाय—जिस मन्त्र को सिद्ध करना हो उसे 'ऐं' के द्वारा सम्पुटित कर दस हजार बार जपने से मन्त्र सिद्ध हो जाता है।

उक्त मन्त्रों को किसी शुभ दिन से एकान्त स्थान में माला पर रात्रि में कम से कम १०,००० बार जपना चाहिए। सिद्धि नहीं

मिलने पर जप की संख्या दस गुना करके जपें।

मारण मन्त्र

ओं नमो हरिमर्कट मर्कटाय अमुकं हरिमर्कट हरिमर्कटाय स्वाहा।

कागज पर सिंदूर से मन्त्र लिखकर हनुमान जी की मूर्ति पर चिपका दें। फिर मूर्ति की पूजा कर दें। उक्त मन्त्र द्वारा हनुमान की उक्त मूर्ति पर सरसों के तेल की एक लाख धारा दें।

साधक को इसका प्रयोग तब तक नहीं करना चाहिये जब तक कि उसके प्राणों पर कोई संकट न हो।

शत्रु पीड़ा कारक मन्त्र

वीर वीर महावीर सात समुद्र का सोखा नीर अमुक के ऊपर चौकी चढ़े हियो फोड़ चीटी पढ़े साँस न आवे पडयो रहे काया माहि जीव रहे लाल लंगोट तेल सिंदूर पूजा मांगो महावीर कपड़ा पर तेल सिंदूर हजरत वीर की चौकी रहे।

विधि—मंगलवार की आधी रात को तेल सिंदूर लाल वस्त्र इस मन्त्र द्वारा हनुमान जी को चढ़ावे। चने की दाल का भोग लगावें। गुड़ का नैवेद्य रखें इसके बाद दूसरे कपड़े में तेल सिंदूर लगाकर अमुक के स्थान पर शत्रु का नाम बोलकर मन्त्र द्वारा सात सुई कपड़े में चुभावें और उस कपड़े को मिट्टी की हाँडी में डालकर मुख बन्द कर जमीन में गाड़ दें। शत्रु तड़फड़ाता रहता है।

अगर शत्रु को फिर अच्छा करना हो तो जमीन से हांडी

उखाड़कर कपड़ा में से सुई हटा लें तथा उस कपड़ा को गंगा जल में डाल दें। शत्रु ठीक हो जायेगा।

किसी के द्वारा दूसरों को दिये गये कष्ट की शांति हेतु मन्त्र

मन्त्र—**ओं सं सां सिं सीं सुं सूं सें सैं सों सौं सं सः वं वां विं वीं वुं वूं वें वैं वों वौं वं वः हंसः अमृतवर्च्चे से स्वाहा।**

कुछ लोग दूसरों पर तान्त्रिक प्रयोग करकर या कराकर दूसरों को भयंकर दुःख देकर उन्हें अकस्मात् रोग शोक, दुःख, दरिद्रता आदि का प्रकोप हो जाया करता है। जिस प्रकार विष की औषधि विष ही है उसी प्रकार तन्त्र-मन्त्र की काट तन्त्र-मन्त्र के द्वारा किया जाता है। ऐसी परिस्थिति में काट हेतु एक नये सकोरे में कुछ जल भरकर प्रातः इस मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करके उस व्यक्ति को पिलावें। इससे सब प्रकार का कष्ट खत्म हो जाता है तथा कुकृत्य दूर होकर व्यक्ति निरोग बनता है।

शत्रु के द्वारा किये गये अभिचार प्रभाव को नष्ट करने का मन्त्र

मां भयात् सर्वतो रक्ष श्रियं वर्धय सर्वदा।
शरीरारोग्यं मे देहि देव देव नमोस्तुते॥

ताम्रपत्र में जल भरकर उसे अपने हाथ में लें तथा उक्त मन्त्र को अपने इष्टदेव का स्मरण करते हुए सात बार मन्त्र को पढ़कर जल को स्वयं पी लें। "मां" तथा "मे" के स्थान पर व्यक्ति का

नाम रखना चाहिए।

अरिष्ट निवारण मन्त्र

ओं हं हां हिं हीं हुं हूं हें हैं हों हौं हं हः क्षं क्षां क्षिं क्षी क्षुं क्षूं क्षें क्षैं क्षों क्षौं क्षं क्षः हंसः हं।

१२ अंगुल पलाश की लकड़ी की कील को उक्त मन्त्र से १०,००० बार अभिमन्त्रित करके जिस घर में गाड़ दिया जायेगा वहाँ से सभी प्रकार का स्थावर, जंगम एवं कृत्रिम विष दूर हो जाते हैं तथा भूत-प्रेत, पिशाच, दुष्ट नर, विषैला जन्तु आदि की पीड़ा कष्ट से मुक्ति मिल जाती है।

उक्त मन्त्र से १०८ बार जल पढ़कर जिस किसी भी व्यक्ति को पिलाया जायेगा उसके शरीर से भूत, प्रेत पिशाच आदि दोष दूर हो जायेगा।

घंटाकर्ण महावीर मन्त्र

ओं घंटाकर्ण महावीर अमुकस्य सर्वोपद्रवक्षयं कुरू कुरू स्वाहा।

घंटाकर्ण जी भगवान शिव के पार्षद हैं। ये भगवान बद्रीनाथ के क्षेत्रपाल हैं। जैन धर्म में भी इनकी पूजा की जाती है। ये अतुलित बल शक्तिसम्पन्न हैं। कलियुग में इनकी साधना अतिशीघ्र फलदायी है। इस मन्त्र का सवा लाख बार जप करने से सारे उपद्रव शान्त हो जाते हैं। नित्य घंटाकर्ण महावीर की जप के साथ विधिवत पूजा भी करनी चाहिए।

विघ्न नाशक मन्त्र

ओं गं गौ गणपतये विघ्नविनाशिने स्वाहा।

गणेश की षोडशोपचार पूजा करके इस मन्त्र का नित्य १००० बार लाल चन्दन की माला पर जप करने से सारे विघ्न बाधा दूर होकर परिस्थितियाँ अनुकूल हो जाती हैं।

बटुक भैरव मन्त्र

ओं ह्रीं बं बटुकाय आपदुद्धारणाय कुरू कुरू बटुकाय ह्रीं ओं।

इस मन्त्र का ५१,००० जप करने से बटुकभैरव भगवान् साकार रूप में प्रकट होकर सिद्ध होते हैं।

इस मन्त्र का नित्य १ माला जप से रोगनिवृति, आपत्ति दूर तथा मनोकामना सिद्ध होती है।

त्रैलोक्य मोहिनी लक्ष्मी एवं भगवती दुर्गा का मन्त्र

***मन्त्र*—'श्रीं'**

***विधि*—अंगन्यास-महाश्रियै महाविद्युत प्रभे स्वाहा हृदयाय नमः। श्रीयै देति विजये स्वाहा, शिरसे स्वाहा। गौरी महाबले बन्ध बन्ध स्वाहा शिखायै वषट्। धृतिः स्वाहा कवचाय हुम्। महाकाये पद्महस्ते हुं फट् अस्त्राय फट्।**

पद्माक्ष की माला से तीन लाख या एक लाख बार जप करने से ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। लक्ष्मी अथवा विष्णु के मन्दिर में श्रीदेवी का पूजन करके धन प्राप्त किया जा सकता है। खैर की

लकड़ी पर घी मिश्रित चावल की एक लाख आहुति देने से राजा वशीभूत होता है तथा लक्ष्मी की प्राप्ति होती है। एक लाख बिल्वफलों के होम से धन वृद्धि होती है।

उक्त यन्त्र को अष्टगंध से भोजपत्र पर लिखकर तीन दिनों तक षोडषोपचार पूजा करके अपने घर में फ्रेम में मढ़वाकर नित्य जो पूजा करता है, उसके यहाँ धन की सदा वृद्धि होती रहती है। पंचमी और सप्तमी को लवण एवं आंवले का **क्रमशः** त्याग कर दें। खीर का भोजन करके श्रीसूक्त का जप **करें। विल्व,** घृत, कमल और खीर से हवन करें।

स्त्री वशीकरण मन्त्र

ओं उत्तिष्ठ चामुण्डे जम्भय जम्भय मोहय मोहय (अमुकी) वशमानय स्वाहा।

नदी के तीर की मिट्टी से लक्ष्मी जी की **मूर्ति** बनाकर धतूरे

के रस से मदार के पत्ते पर स्त्री का नाम लिखें। इसके बाद उक्त मन्त्र का १००० बार जप करें। स्त्री निश्चित वश में हो जाती है। प्रयोग किया हुआ यह अनुभूत मन्त्र है।

स्त्री वशीकरण त्वरित मन्त्र

फट् स्त्री क्षें हूँ य हुं स्त्री ओं।

इस मन्त्र का एक लाख बार जप करने से स्त्री क्या यक्ष आदि तथा अप्सरा भी वश में हो जाती हैं।

अनंग साधना या नामर्द को मर्द बनाने की तान्त्रिक साधना

यह साधना अपने आप में अचूक सिद्धि है। इसके प्रयोग एवं सिद्ध करने से नपुंसक व्यक्ति को पुरुषत्व की प्राप्ति हो जाती है तथा वह स्त्री के साथ सम्पर्क करने लायक हो जाता है। फलतः उसे सन्तान प्राप्ति भी हो जाती है।

***मन्त्र*—ओं एं मदने मदनविद्रावणे अगंसगमे देहि देहि क्रीं क्रीं स्वाहा।**

विधि—किसी नदी के संगम पर इस मन्त्र का जप चौदह दिनों में एक लाख बार पूरा करना पड़ता है। दिन में एक बार भोजन किया जाता है। पन्द्रहवें दिन दशांश हवन करें तथा उक्त मन्त्र से १,००० चमेली के पुष्पों से हवन करें। ऐसा करने पर उसमें पुरुषत्व की प्राप्ति हो जाती है। यह भी सिद्ध किया हुआ मन्त्र है।

सम्मोहन मन्त्र

ओं श्रीं भैरवी भद्राक्षी आत्मन् सर्वजन वाक् चक्षु श्रोत्र मन स्तम्भय स्तम्भय बाँधय बाँधय मम शब्दानुग्रह दर्शन दर्शय दृष्टि-यथात् सम्मोहनाय सम्मोहनाय कुरू कुरू स्वाहा।

विधि—शुक्ल पक्ष की पंचमी से एक माह तक लगातार इस मन्त्र की प्रतिदिन एक माला जप करें। अन्तिम दिन दशांश हवन कर दें। चावल, नमक, राई, मधु, मिश्री से। जप के समय अपने सामने एक बड़े कागज पर काली स्याही का बिन्दु बनाकर उसी पर दृष्टि जमावें।

प्रतिदिन पाँच मिनट तक एकटक दृष्टि डालें। धीरे-धीरे त्राटक पूर्ण हो जाएगा। उसके बाद सात बार मन में मन्त्र को पढ़कर जिसकी ओर दृष्टि डालेगा उसी व्यक्ति को सम्मोहित कर लेगा।

तन्त्र साधना में नवग्रह पूजा

तन्त्र साधना में निर्विघ्नतापूर्वक मन्त्र सिद्धि हेतु गौरी गणेश पूजन तथा नवग्रह पूजन अवश्य कर लेना चाहिए। नवग्रह पूजन के लिये निम्न प्रकार से वेदी एक बालिश्त लम्बा तथा एक बालिश्त चौड़ा बनानी चाहिए। उस वेदी को नव भागों में बाँट

लेना चाहिए। पाँच रंग का चावल से किया हुआ नव भाग को भर देना चाहिए। उजला, काला, लाल, हरा एवं पीले रंग का चावल का प्रयोग किया जाता है।

नवग्रह वेदी

पूर्व

	हरा चावल बुध	उजला चावल शुक्र	उजला चावल चन्द्रमा	
उत्तर	पीला चावल गुरु	लाल चावल सूर्य	लाल चावल मंगल	दक्षिण
	काला चावल केतु	काला चावल शनि	काला चावल राहु	

पश्चिम

इन ग्रहों की पूजा हेतु सम्बन्धित रंगो की पताका भी सभी कोष्ठों में गाड़नी चाहिए। इसके बाद विधिपूर्वक नवग्रहों की पूजा बारी-बारी से करनी चाहिए।

ओं सूं सूर्याय नमः। ओं चं चन्द्राय नमः। ओं भं भौमाय नमः। ओं बुं बुधाय नमः। ओं बृं बृहस्पताये नमः। ओं शुं शुक्र शुक्राय नमः। ओं शं शंनिश्चराय नमः। ओं रं राहवे नमः। ओं कं केतवे नमः।

उक्त मन्त्रों से नवग्रहों की पूजा विधिवत कर लेनी चाहिए।

प्रत्युपचार (काट) मन्त्र-तन्त्र

कुछ लोग अपना दोष और दुःख गुनी, ओझा या तान्त्रिक के

माध्यम से दूसरों पर फेंकवा देते हैं फलस्वरूप प्रभावित व्यक्ति बड़े दुःख में पड़ जाता है। कुछ लोगों की दृष्टि ऐसी होती है कि वे जिसे देखते है वह व्यक्ति दुःख में फंस जाता है। ऐसी स्थिति में तन्त्र का निम्न प्रयोग करना चाहिए।

नींबू में रविवार या मंगलवार को सात सुई गाड़ देना चाहिये और कहना चाहिये कि जिसने मुझ पर यह कर्म किया है वह उसी पर लौट जाए तथा जैसे-जैसे नींबू सूखे वैसे-वैसे प्रयोग पूरा करने वाला पीड़ा रहित होता है।

काट या नजर दूर करने का शाबर मन्त्र भी है। इस मन्त्र से पीड़ित व्यक्ति को झाड़ दिया जाए तो वह दोष दूर हो जाता है। इस मन्त्र को ग्रहण काल में, दीपावली में, शिवरात्रि को या होली में जपकर सिद्ध कर लेना चाहिए।

प्रथम मन्त्र—**ओं नमो सत्यनाम, आदेश गुरु को, ओं नमो नजर पर पीर न जानी, बोले छल सों अमृतबानी, कहो नजर कहाँ से आई, यहाँ की ठौर तोहि कौन बताई, कौन जात तेरो कहाँ ठाम, किसकी बेटी कहा तेरो नाम, कहाँ से उड़ी कहाँ को जाया, अब ही बस कर ले बेटी माया, मेरी बात सुनो चितलाय, जैसी होय सुनाऊँ। आय तेलन तमोलन चूहड़ी चमारी कामथनी खतरानी कुम्हारी महतरानी राजा की रानी जाको दोष ताहि के सिर पड़ै। जाहर पीर नजर से रक्षा करें। मेरी भक्ति गुरु की शक्ति फुरो मन्त्र ईश्वरी वाचा।**

दूसरा मन्त्र—**काला चौसठ कलावा वीर, मेरा कलवा महावीर, जहाँ में भेजूँ वहाँ को जाय, माँस मच्छी को छुअन**

न जाई, अपना मारा आपहि खाय, चलत बाण मारूँ, उलट मूठ मारूँ, मार-मार कलवा तेरी आस। चार चौमुखा दिया न बाती, जा मारूँ वाही की छाती। इतना काम मेरा ना करे, तो तुझे अपनी माँ का दूध पीना हराम।

प्रत्येक मंगलवार को यह मन्त्र इक्कीस बार पढ़ने से सिद्ध हो जाता है। सात मंगलवार को ऐसा करना पड़ता है। जप करते समय आग में गुग्गुल की धूप दी जाती है तथा चौराहे पर चार बत्ती का दीपक रख दिया जाता है। इस मन्त्र से व्यक्ति को झाड़कर दीपक चौराहे पर रखवा देना चाहिए। मुड़कर दीपक को नहीं देखना चाहिए।

रक्षा मन्त्र

१. ह्रीं ह्रीं ह्रीं

२. ओं ह्रीं क्रीं स्त्री

३. ओं श्रीं श्रीं श्रीं श्रीं श्रीं फट्

उक्त मन्त्रों में से किसी एक को १०८ बार जप लेने से शरीर की रक्षा होती है।

आकर्षण मन्त्र

१. ओं ह्रीं श्रीं क्लीं अमुकं/अमुकी/आकर्षण आकर्षण स्वाहा।

२. ओं क्षां क्षां क्षां हां हां हां हें हें स्वाहा।

उक्त दोनों मन्त्रों में से किसी एक को भी १००० बार भोजपत्र पर लिखकर आकर्षण बनता है।

प्रत्युपचार (काट) मुसलमानी मन्त्र

'तेली की खोपड़ी चाट-चाट के मैदान ऊपर चढ़ा मुहम्मद किसका बेटा फातमा का बेटा सुअर खाय हलाल करे पै दे पाँव वज्र की कील काट तो माता के दूध की हराम कहे।'

यह शाबर मन्त्र प्रतिदिन पढ़ें। जब तक काम न बने मन्त्र जप की क्रिया करते रहें।

आग बाँधने का मन्त्र

***मन्त्र*—ओं नमो कोरा करावा जल सा झरिया ले गौरा के सिर पर धरिया ईश्वर ले गौरा नहाय ई जलती अग्नि शीतल हो जाय। शब्द सांचा पिंड कांचा फुरो मन्त्र ईश्वरो वाचा।**

उक्त मन्त्र को ग्रहण या दीपावली की रात्रि को कम से कम १०८ बार पढ़कर सिद्ध कर लेना चाहिए।

विधि—किसी कुएँ के पास से सात कंकड़ उठा ले और हर एक पर मन्त्र पढ़कर सात-सात बार अग्नि में डालें। अग्नि बुझ जाएगी।

नजर झाड़ने का मन्त्र

'गरूर चरण दिया मन श्री हरि मोक्षकारन देव दानव दैत्यानि लाई नरसिंह वरा आसी सब उड़ाई आलाली पलाली चोरी चारे हुंकारे फंकारे उड़ाय माटी शलिकेर पाँव देख

ठुकरिया आय आयुकार अंगे डाइनेर दृष्टि पलायकार आज्ञावीर नरसिंह आज्ञा।'

दीपावली या ग्रहण में मन्त्र को १०८ बार पढ़कर सिद्ध कर ले तब नजर लगे व्यक्ति को इस मन्त्र से झाड़ दें।

शीघ्र प्रसव कराने का यन्त्र

अपमार्ग (चिचीड़ा) की जड़ को उखाड़कर लावें और उसे प्रसव में विलम्ब या दिक्कत वाली औरत के कमर में बाँध दें तो आसानी से प्रसव हो जाता है। ध्यान रहे प्रसव होते ही जड़ को कमर से हटा दें।

ज्वर नाशक मन्त्र

ओं शान्ति शान्ति सर्वारिष्ट नाशिनी स्वाहा।

इस मन्त्र से १०८ बार एक गिलास जल को पढ़कर अभिमन्त्रित कर दें और रोगी को पिला दें। ज्वर समाप्त हो जाएगा।

सर्वजन वशीकरण मन्त्र

ओं सर्वलोक वशम् कराय कुरू कुरू स्वाहा।

विधि— ब्रह्मदण्डी, वच तथा कूट को समभाग लेकर उसका चूर्ण बनाकर १०८ बार मन्त्र से पढ़कर पान में डालकर जिसे खिलाया जाएगा, वह वश में हो जाएगा।

उच्चाटन मन्त्र

ओं नमो जातवेदसे दुर्गायै जगज्जीवन कारिण्यै हुम् ग्लौ

दुं दुर्गायै उच्चाटय उच्चाटय एहि एहि हुं फट् स्वाहा।

मन्त्र जाप में उच्चाटन शब्द के पूर्व सम्बन्धित व्यक्ति का नाम लेना चाहिए।

विधि—कुम्हार के हाथ से गिरी हुई मिट्टी, श्मशान की राख तथा श्मशान में बिखरा अन्न समान मात्रा में लेकर चूर्ण करके दुर्गा जी की मूर्ति बना लें। शिरिस के फूल से पूजा करके राई तथा नमक से दशांश हवन करें।

चिंताहरण कार्य सिद्धि दायक मन्त्र

ओं हर त्रिपुट हर भवानी बाला राजा प्रजा मोहिनी सर्व शत्रु विध्वंसिनि मम् चिंतितम् फलम् देहि देहि भुवनेश्वरी स्वाहा।

जब तक कार्य सिद्धि न हो मन्त्र जाप करते रहना चाहिए।

राजा वशीकरण मन्त्र

ओं नमो भास्कराय त्रिलोकात्मने अमुकं महिपतिं मे वशी कुरू-कुरू स्वाहा।

(१) १,००८ बार मन्त्र जपकर सिद्ध कर लेना चाहिए। कुंकुम, लाल चंदन, कपूर, तुलसीपत्र को एक साथ पीसकर गाय के दूध में मिलाकर अपने मस्तक पर तिलक करें और राजा के पास जाए तो राजा वश में होता है।

(२) आश्लेषा नक्षत्र में नागकेशर के बांदा को उक्त मन्त्र से ७ बार अभिमन्त्रित करके तथा हाथ में लेकर राजा के पास जाने से राजा वशीभूत होता है।

ओं क्लीं सह अमुकं मे वशं कुरू-कुरू स्वाहा।

यह मन्त्र १ लाख जपने से सिद्ध होता है। केशर, चन्दन, गोरोचन तथा कपूर मिश्रित करके गाय के दूध में मिलाकर उक्त मन्त्र से १००० बार अभिमन्त्रित कर माथे पर तिलक लगाकर राजा के पास जाने से राजा वश में होता है।

(पति) पुरुष वशीकरण मन्त्र व तन्त्र

ओं नमो महायक्षिण्यै मम पति मे वश्यं कुरू-कुरू स्वाहा।

यह प्रयोग स्त्री को ही करना चाहिए। १,००८ बार मन्त्र जपने से मन्त्र सिद्ध होता है।

(१) गोरोचन, कुंकुम एवं केले का रस एक साथ पीसकर माथे पर तिलक कर अपने पति के पास जाए तो पति स्त्री के वश में हो जाता है।

(२) पति वशीकरण लौंग—जब स्त्री रजस्वला हो उस समय ४ लौंग अपने गुप्तांग में ४ दिन रखे। उसके बाद उसे पीसकर जिस पुरुष के मस्तक पर डाले वह वश में हो जाए।

(३) पति वशीकरण रोटी—स्त्री अपने पाँव के जूते के बराबर आटा तोलकर रविवार या मंगलवार के दिन उसकी चार रोटी बनावे और पति को खिला दे तो पति वशीभूत हो जाता है।

(४) पति वशीकरण तेल—सफेद सरसों, तुलसी, धतूरा, चिचिड़ा और तिल का तेल सबको मिलाकर पतला पीस ले और अपने शरीर में लगाकर पति के पास जाए तो पति वशीभूत होता है।

स्त्री वशीकरण प्रयोग

ओं नमो कामाख्या देव्यै अमुकीं मे वशं कुरू स्वाहा।

(१) उक्त मन्त्र का दस हजार जप करके सिद्ध कर ले। चिता की भस्म, वच, कूट, तगर और केशर बराबर मात्रा में लेकर चूर्ण बनाकर उक्त मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करें जिस स्त्री के मस्तक पर डाला जाए वह वशीभूत हो जाती है।

(२) अपनी नाक, जीभ, कान तथा दाँत के मैल को उक्त मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करके पान में रखकर जिस स्त्री को खिलाया जाएगा वह स्त्री वश में हो जाती है।

ओं ह्रीं सा अमुकी में वशमानय स्वाहा।

(३) दस हजार बार उक्त मन्त्र जप करके सिद्ध कर ले तथा चिता को राख, वच, कूट, रोटी तथा गोरोचन को बराबर मात्रा में लेकर चूर्ण कर ले तथा १०८ बार मन्त्र पढ़कर स्त्री के मस्तक पर डाल दे तो स्त्री वश में हो जाती है।

ओं नमः कामाक्षी देवी अमुकी नारी में वशं कुरू-कुरू स्वाहा।

(४) दस हजार बार उक्त मन्त्र का जप करके १०८ बार सुपारी पढ़कर स्त्री को खिला दे तो वह स्त्री वश में हो जाती है।

(५) स्त्री वशीकरण भस्म—मंगलवार के दिन बगुला को मारकर उसे जलाकर भस्म कर ले। उस भस्म को उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित करके जिस स्त्री को थोड़ा सा खिला दिया जाएगा वह वश में हो जाएगी।

(६) स्त्री वशीकरण मुसलमानी मन्त्र—**इन्ना आत्वैना शैताना मेरी शिकल बन अमुकी के पास जाना उसे मेरे पास लाना नहीं तो मेरी बहन भानजी पर तीन सौ तीन तलाक।**

